Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/सरगुजा/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -77 सोमवार,16 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

गरीबी में जिनका आटा गीला हो जाता है फिर भी चेहरे पर शिकन नहीं लाते वही बाद में छप्पन प्राकर के व्यंजन पाते हैं।

-अष्टावक्र-

# नेपाल में यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त,68 की हुई मौत



**काठमांडू,15 जनवरी 2023 (ए)।** नेपाल के पोखरा में रविवार सुबह एक यात्री विमान दुर्घटनागस्त हो गया है। नेपाल उड्डयन प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि 72 सीटों वाले इस विमान से अब तक 68 शव बरामद हुए हैं। सेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि नेपाल में 30 सालों से अधिक समय के बाद इतना भीषण हादसा हुआ है। कृष्णा भंडारी ने समाचार एजेंसी रायटर को बताया कि बचाव दल मौके पर मौजूद है और भी शव मिलने की उम्मीद है।

### विमान में सवार थे इन देशों के नागरिक

बता दें कि नेपाल के पोखरा हवाई अड्डे पर हादसे का शिकार हुए विमान में 53 नेपाली नागरिक, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, 2 कोरियाई, एक अर्जेंटीना और एक फ्रांसीसी नागरिक सवार थे।

### विमान ने रविवार सुबह भरी थी उड़ान

येती एयरलाइंस के एटीआर 72 विमान ने रविवार सुबह काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन विमान कास्की जिले के पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है। इसी कारण से एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया गया। हादसे के वक्त येती एयरलाइंस के इस प्लेन में 68 यात्री और चार करू सदस्य सवार थे।

### विमान में सवार थे 72 लोग

एयरलाइन के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि नेपाल की येति एयरलाइंस द्वारा संचालित एटीआर-72 विमान में 72 लोग सवार थे, जिनमें दो शिशु भी शामिल हैं। इसके अलावा चालक दल के चार सदस्य और 10 विदेशी नागरिक भी विमान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। हम इसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और सैकड़ों बचावकर्मी दुर्घटनास्थल की छानबीन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1992 के बाद से नेपाल में यह सबसे घातक दुर्घटना है।

### भारतीय राजदूत ने जताया दुख

वहीं, भारत में नेपाल के राजदूत ने विमान हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि पोखरा में कुछ भारतीयों सहित 72 लोगों और चालक दल के सदस्यों को ले जा रहे एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से गहरा दुख हुआ है। हम मृतकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारे विचार और प्रार्थना इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।

### विमान से धुआं उठता हुआ दे रहा दिखाई

काठमांडू पोस्ट को येति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने बताया कि येति एयरलाइंस के विमान में कुल 68 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें जलते हुए विमान से धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा था।

### नेपाल सरकार ने बुलाई आपात बैठक

बता दें कि ये प्लेन पुराने एयरपोर्ट और पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच क्रैश हुआ है। इस बीच पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटना के बाद नेपाल सरकार ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई है। वहीं, नेपाल सचिवालय ने बताया कि नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और गृह मंत्री रबी लामिछाने की पोखरा यात्रा रद्द हो गई है। साथ ही हादसे के कारणों की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़



**जम्मू ,15 जनवरी 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले में मगाम के रेडबग इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की और वहां तलाश अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाश अभियान उस समय मुठभेड़ में तबदील हो गया जब आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ जारी है और अभी किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### 2.45 करोड़ की धोखाधड़ी,केरल से एक महिला गिरफ्तार



**कोलकाता ,15 जनवरी 2023 (ए)।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर 2.45 करोड़ रुपए फ्रॉड के मामले में बिधाननगर पुलिस ने केरल से एक महिला को गिरफ्तार किया है.पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऑनलाइन ट्रेडिंग फेसबुक अकाउंट ...से क्रिप्टो करेंसी के कारोबार में निवेश के नाम पर केरल से श्वेता सोनाली को वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है.केरल से गिरफ्तार कर महिला को ट्रांजिट रिमांड पर कोलकाता लाया गया. उन्हें बिधाननगर अनुमंडल न्यायालय में पेश किया गया.

### द्रमुक ने टिप्पणी करने वाले नेता को निलंबित किया



**चेन्नई ,15 जनवरी 2023 (ए)।** तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक ने पार्टी नेता शिवाजी कृष्णमूर्ति को राज्यपाल आर.एन. आर.एन. रवि के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। पार्टी ने घोषणा की कि उसने कृष्णमूर्ति को 'गैरकानूनी गतिविधियों' के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

कृष्णमूर्ति के अनुसार, विधानसभा में अपने भाषण के दौरान राज्यपाल स्वीकृत पाठ से विचलित हो गए, इसलिए उन्होंने उनकी आलोचना करते हुए टिप्पणी की।

# पीएम मोदी ने सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी





**हैदराबाद,,15 जनवरी 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सिकंदराबाद से विशाखापत्तनम को जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह दो तेलुगु भाषी राज्यों-तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को जोड़ने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस है.

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी, तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और तेलंगाना सरकार के कई मंत्री व्यक्तिगत रूप से सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे. इस नयी ट्रेन की नियमित सेवा 16 जनवरी को शुरू होगी और टिकट बुकिंग शनिवार से शुरू हो गई है. विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद एक्सप्रेस (20833) सुबह पांच बजकर 45 मिनट पर विशाखापत्तनम से रवाना होगी और दोपहर दो बजकर 15 मिनट पर सिकंदराबाद पहुंचेगी. सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम ट्रेन (20834) अपराह्न तीन बजे सिकंदराबाद से रवाना होगी और रात 11 बजकर 30 मिनट पर विशाखापत्तनम पहुंचेगी. यह ट्रेन दोनों दिशाओं से राजमुंद्री, विजयवाड़ा, खम्मम और वारंगल में रुकेगी.वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से भारत में निर्मित है और आधुनिक सुविधाओं से युक्त है. यह यात्रियों को अपने गंतव्य पर जल्दी पहुंचाती है और इससे यात्रा करना एक सुखद अनुभव होता है. इस एक्सप्रेस में, स्वदेश में ही निर्मित कवच सुविधा भी है जो रेलगाड़ियों को टकराने से बचाती है. कुल 14 वातानुकूलित कुर्सी यान और दो एक्जीक्यूटिव वातानुकूलित कुर्सी यान डिब्बों से युक्त इस ट्रेन में 1,128 यात्रियों को ले जाने की क्षमता है.

## सेना के जवानों ने शौर्य और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया,उन्हें मेरा सलाम : मुर्मू



**नयी दिल्ली,15 जनवरी 2023 (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को सेना दिवस पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि सैनिकों ने आपदाओं के समय रक्षक के रूप में काम करने के अलावा हमेशा शौर्य की सीमाओं को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी बहादुर जवानों तथा उनके परिवारों को सलाम करती हूं। फील्ड मार्शल के एम करियप्पा के 15 जनवरी, 1949 को अपने ब्रिटिश पूर्ववर्ती के स्थान पर भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभालने के उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है। मुर्मू ने ट्वीट किया, 'सेना दिवस पर, भारतीय सेना के जवानों के बलिदान की अनगिनत कहानियों को याद करते हैं। उन्होंने हमेशा शौर्य और साहस की सीमाओं को आगे बढ़ाया है तथा आपदाओं के समय रक्षक के रूप में भी काम किया है। मैं इस अवसर पर भारतीय सेना के सभी बहादुर जवानों और उनके परिवारों को सलाम करती हूं।

## यात्री के मुंह से अचानक निकलने लगा खून,इमरजेंसी लैंडिंग के बाद मौत



**इंदौर ,15 जनवरी 2023 (ए)।** मदुरै से दिल्ली जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में बुजुर्ग यात्री की तबीयत बिगड़ गई। इससे फ्लाइट को इंदौर हवाईअड्डे पर इमरजेंसी उतारना पड़ा। इसके बाद आनन-फानन उसे फ्लाइट से उतारकर नजदीक के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि विमान जब हवा में था, तभी यात्री के मुंह से खून आने लगा। अधिकारी ने कहा, 'यात्री अतुल गुप्ता की तबीयत खराब हो गई, जब उड़ान मध्य हवा में थी और उन्हें इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देवी अहिल्याबाई होल्कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रभारी निदेशक प्रबोध चंद्र शर्मा ने कहा, 'शुरुआती सूचना के अनुसार, अतुल गुप्ता (60), जो इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई-2088 पर सवार थे, उनके मुंह से खून बह रहा था और यात्रा के बीच में उनकी हालत बिगड़ गई। मेडिकल इमरजेंसी के कारण मदुरै-दिल्ली फ्लाइट को इंदौर के लिए डायवर्ट किया गया था और यह शाम करीब 5.30 बजे स्थानीय हवाई अड्डे पर उतरी। अतुल गुप्ता को हवाई अड्डे से एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# भ्रष्टाचार मामलों में रिटायर्ड अफसरों को न बनायें जांच अधिकारी:केंद्रीय सतर्कता आयोग




**नयी दिल्ली,15 जनवरी 2023 (ए)।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों और केंद्र सरकार के विभागों से भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शामिल नहीं करने को कहा है। यह निर्देश तब आया है जब यह देखा गया कि कुछ संगठन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जांच अधिकारियों के तौर पर नियुक्त कर रहे हैं जो इस संबंध में उसके मौजूदा करीब दो दशक पुराने निर्देश के विपरीत है। आयोग ने कहा कि साथ ही यह भी महत्वपूर्ण है कि सतर्कता पदाधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए और अगर वे उन्हें दिए गए दायित्वों के निर्वहन में गोपनीयता, निष्पक्षता या सित्यनिष्ठा से समझौता करते हुए पाए जाते हैं तो उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। आयोग ने अपने नये आदेश में कहा कि यह सेवानिवृत्त अधिकारियों के मामले में संभव नहीं है क्योंकि सेवानिवृत्ति के बाद किसी भी कदाचार के लिए अनुशासनात्मक नियम उन पर लागू नहीं होते। आयोग ने अगस्त 2000 में निर्देश दिया था कि किसी भी संगठन में सतर्कता पदाधिकारी पूर्णकालिक कर्मचारी होने चाहिए और सतर्कता संबंधी कार्यों के लिए परामर्शक के तौर पर किसी सेवानिवृत्त कर्मचारी को नियुक्त न किया जाए। आयोग ने 13 जनवरी के अपने आदेश में कहा, हालांकि, यह देखा गया है कि कुछ संगठन अब भी जांच करने के लिए जांच अधिकारी के तौर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियुक्त कर रहे हैं। यह आदेश केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय उपक्रमों, बैंकों और बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों को जारी किया गया है।

## गिरोह का मुखिया लखनऊ से गिरफ्तार



**लखनऊ ,15 जनवरी 2023 (ए)।** लखनऊ पुलिस ने उत्तर प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में कई डकैतियों में शामिल बांग्लादेशी अपराधियों के गिरोह के प्रमुख को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चिनहट थाना क्षेत्र से गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), पूर्व, हृदेश कुमार ने कहा कि, बांग्लादेशी नागरिक की पहचान 35 वर्षीय असलम खान के रूप में हुई है और वह लखनऊ और वाराणसी के विभिन्न हिस्सों में डकैती के कई मामलों में वांछित था।

उन्होंने कहा कि, राज्य में कई अपराधों में नाम सामने आने के बाद उसके सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

## जन्मदिन पर मायावती का बड़ा ऐलान

## लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा



**लखनऊ ,15 जनवरी 2023 (ए)।** बसपा प्रमुख मायावती ने आज अपने जन्मदिन पर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने आने वाले चुनाव में विपक्षी एकता लग रही अटकलों पर विराम लगा दिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने जन्मदिन के मौके पर यह साफ कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव और कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी किसी से गठबंधन नहीं करेगी।

बसपा सुप्रीमो ने पार्टी कार्यालय पर जन्मदिन के मौके पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुछ पार्टियां बसपा से गठबंधन का भ्रम फैला रही है, इसलिए वह साफ कर देना चाहती हैं कि वह बिना गठबंधन के चुनाव लड़ेंगी। गठबंधन करने पर उनको कोई फायदा नहीं होता है उनका वोट जरूर दूसरी पार्टियों को चला जाता है, लेकिन उनको कोई फायदा नहीं मिलता है।

उन्होंने यह भी साफ कहा कि जब-जब बैलट से चुनाव हुए बसपा का जनाधार बढ़ा है और वोटिंग प्रतिशत अधिक रहा है, लेकिन ईवीएम से चुनाव होने पर इसमें फर्क पड़ा है। उन्होंने भाजपा की जीत को ईवीएम का कमाल बताया है।

# हिंदुस्तानी महिला ने रद्दी से खड़ी कर ली करोड़ों की कंपनी

### 60 से ज्यादा देशों में कर रही हैं कारोबार



**इंदौर ,15 जनवरी 2023 (ए)।** कागज की रद्दी सुनते ही लोग आंख और भौंहें सिकोड़ लेते हैं क्योंकि इसे बेकार माना गया है, मगर हिंदुस्तान की एक महिला ने इसी कागज की रद्दी के सहारे करोड़ों की कंपनी खड़ी करने में कामयाबी हासिल की है।

हम यहां बात कर रहे हैं पूनम गुप्ता की, वे यहां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हिस्सा लेने आई थी। जिन्होंने स्कॉटलैंड में कागज की रद्दी को नया बाजार दिया है। पूनम मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं और उन्होंने यहां के लेडी श्रीराम कॉलेज से इकोनॉमिक्स ऑनर्स में डिग्री हासिल की और उसके बाद एमबीए किया।

वे वर्ष 2002 में पुनीत के साथ परिणय सूत्र में बंधी। पुनीत वहां चिकित्सा के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी से जुड़े हुए थे, लिहाजा पूनम को उम्मीद थी कि वह भी स्कॉटलैंड में नौकरी हासिल कर लेगी मगर उसके इरादों को सफलता नहीं मिली।

नौकरी पाने में असफल रही पूनम ने कुछ नया करने की ठानी और उसने इसके लिए रिसर्च शुरू कर दिया। इस रिसर्च के दौरान उन्हें पता चला कि यूरोप और अमेरिकी देशों में हर रोज कागज का स्क्रैप कई टन फेंका जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां पर बेहतर किस्म के कागज का उत्पादन होता है और जो कागज कबाड़ में बचता है उसका फिर उपयोग कर अच्छी गुणवत्ता वाला कागज तैयार करना महंगा काम है, लिहाजा वह फेंक दिया जाता था। इसके लिए कंपनियों को लाखों रुपए खर्च करना होता था।

पूनम बताती हैं कि जब उन्हें कहीं सफलता नहीं मिली तो उनके मन में बिजनेस करने का विचार आया। उसी के आधार पर उन्होंने शोध किया और कागज के स्क्रैप के पुनः उपयोग पर ध्यान दिया। जब उन्हें पता चला कि इस कागज के स्क्रैप का बेहतर उपयोग भारत में हो सकता है, फिर वे उस दिशा में आगे बढ़ी। जब उन्होंने इटली की एक कंपनी से संपर्क किया तो उन्हें सफलता मिली और इस कचरे को उन्होंने बेचने का प्रयास शुरू किया, क्योंकि इस कंपनी के लिए तो वह कचरा ही था, इतना ही नहीं यह रद्दी जहां जगह घेरती है वहीं डंप करने में भी पैसा खर्च होता था।

पूनम को पहली डील ने उत्साहित कर दिया क्योंकि 40 लाख रुपए की थी, जिसके बाद उनका धीरे-धीरे काम बढ़ा और उन्होंने वर्ष 2004 में पीजी पेपर नाम से स्कॉटलैंड में एक कंपनी रजिस्टर करा ली।

पूनम ने अपने काम को आगे बढ़ाया और उसी के चलते इटली, फिनलैंड और यूएसए की कुछ कंपनियों से स्क्रैप पेपर खरीदने के प्रयास में जुट गई। कंपनियों से उन्होंने कहा कि जिस कचरे को डंप करने में आप पैसा खर्च करते हैं वह आप मुझे दीजिए जिसके बदले में मैं कुछ पैसा आपको भी दूंगी। फिर क्या था बात बन गई। कंपनी ने इस तरह के ऑफर में दिलचस्पी दिखाई और पहला काम उन्हें इटली की कंपनी ने दिया।

आगे चलकर उनका यह काम ऐसा बना कि कई देशों में सफल हुई और इसके साथ उन्होंने अन्य क्षेत्रों में भी हाथ आजमाया। आज नौ कंपनियों की मालिक हैं इसके साथ ही 60 से ज्यादा देशों में कारोबार कर रही हैं इतना ही नहीं उनकी कंपनी की नेटवर्क एक हजार करोड़ की हो गई है।

आखिर उनके मन में यह स्क्रैप पेपर का काम करने का विचार कैसे आया तो वे बताती हैं कि आमतौर पर भारत में पुरानी चीजों से लोगों को लगाव होता है और कोई आसानी से उसे नहीं छोड़ता। उसका सालों उपयोग करते हैं उसके बाद भी कोई चीज रिजेक्ट नहीं होती। उसका काम हो जाने के बाद यह सोचा जाता है कि इसे कैसे दूसरे काम में यूज किया जाए भारत की इसी सोच ने मुझे यह बिजनेस करने को प्रेरित किया।

दूसरे देशों में जो स्क्रैप पेपर निकलता है उससे बेहतर तरह का कागज दोबारा नहीं बन पाता, जबकि भारत में स्क्रैप पेपर से बनने वाला कागज बेहतर किस्म का होता है। बस इसी संभावनाओं ने इस क्षेत्र में कदम बढ़ाने का अवसर दिया और आज इस मंजिल पर हूं। अब कपड़ों के स्क्रैप का कैसे उपयोग किया जा सकता है, इस दिशा में काम चल रहा है।

## संपादकीय

# जटिल समस्या, कठिन समाधान

लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा।

उत्तराखंड में जोशीमठ के बाद खबर है कि कर्णप्रयाग में भी कई मकानों में दरार आ गई है। जोशीमठ में उन इमारतों को गिरा देने का फैसला किया जा चुका है, जिनमें दरारें आ गई हैं। हिमालय में बसे इस कस्बे से दर्जनों परिवारों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। लेकिन यह सिर्फ अस्थायी समाधान है। किसी को अचानक अपने घर से वंचित हो जाने की भरपाई संभव नहीं है। कुल सूरत यह है कि यह समस्या कहीं अधिक गंभीर और व्यापक है। विशेषज्ञों ने कहा है कि जोशीमठ की ढलानें भूस्खलन से निकले मलबे से बनी हैं। लिहाजा कस्बा एक हद तक ही इमारतों का वजन सहन कर सकता है। पिछले साल मई में ही एक घर के नीचे से पानी बहने की आवाज सुनी गई थी। सितंबर में घर के फर्श में छोटी सी दरार देखी। दिसंबर में यह चौड़ी हो गई और बाशिंदों घर खाली करना पड़ा। यही कहानी सैकड़ों और घरों की भी है। पिछले कुछ समय से इन मकानों में दरारें आनी शुरू हो गईं। करीब 700 घरों में दरारें पाई गईं, जिसके बाद 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

प्रशासन के मुताबिक कई इमारतों को रहने के लिए असुरक्षित पाया गया है। आम चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया है कि यह स्थिति विकास परियोजनाओं के कारण इकॉलॉजी को पहुंचे नुकसान का परिणाम है। जिन कंपनियों की परियोजनाएं इस इलाके में सक्रिय हैं, उनमें सरकारी थर्मल पावर कंपनी एनटीपीसी भी शामिल है। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी का कहना है कि उसके द्वारा बनाई जा रहीं सुरंगें और अन्य प्रॉजेक्ट जोशीमठ के संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। इसके बावजूद पर्यावरणवादी कार्यकर्ता ऐसी परियोजनाओं को खलनायक के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन समाधान क्या है? आखिर आधुनिक विकास और इससे मिलने वाली सुविधाओं का उपभोग हर जगह और हर वर्ग की आबादी की चाहत है। इसलिए समस्या पर उसकी पूरी जटिलता में जाकर विचार करना होगा। देखना होगा कि आखिर क्या एहतियाती उपाय हो सकते हैं, जिनसे परियोजनाएं अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित साबित हों।

# शरद यादवः मंडल के पितामह!

ओह! शरद यादव नहीं रहे। मुझे तो उनसे मिलना था! कई बार सोचा लुटियन दिल्ली छोड़ कर शरदजी छतरपुर के नए घर शिफ्ट हुए हैं तो उनसे जा कर मिलना है। जीवन के उत्तरार्ध की उनकी शारीरिक-सियासी सेहत की खोज-खबर लेनी है। उनकी पत्नी रेखाजी और बेटे-बेटी से बातचीत करनी है। पर संयोग नहीं बना। तभी दिवगंत आत्मा को श्रद्धांजलि में यह ग्लानि दिल-दिमाग को छलनी कर दे रही है कि कैसे उनके सादे सहज-सरल परिवार को धैर्य बंधाऊं। कैसे शरदजी को याद करूं?

हां, शरदजी और उनका परिवार मेरी निज जिंदगी का इसलिए हिस्सा रहे हैं क्योंकि पूरे परिवार की सहजता, सरलता मेरे और मेरे परिवार के लिए मनभावक रही। मैंने अपनी 45 साल की पत्रकारिता में लुटियन दिल्ली के जितने नेताओं और उनके परिवारों को देखा है उसमें सत्ता पॉवर की चकाचौंध के बीच भी शरदजी और परिवार हमेशा सहज-सरल जीवन जीने वाला लगा। शरदजी ने लोगों को बनाया। पुराने लोगों को साथ रखा। जबकि मैंने शरदजी के साथी नेताओं को बदलते देखा है। घमंडी-अहंकारी-धोखेबाज होते देखा लेकिन ऐसे अनुभवों के जख्म दबाए होने के बावजूद शरदजी सहज थे। अहंकारी या बदले की राजनीति को पास फटकने नहीं दिया!

कोई माने या न माने, लेकिन प्रत्यक्ष अनुभव, राजनीतिक दांवपेचों में रियल घुसपैठ से जाना मेरा यह सत्य है कि भारत की 75 साला राजनीति में मंडल राजनीति का फैसला शरद यादव के कारण था। वे मंडल राजनीति के पितामह थे और त्रासद जो उन्हीं के साथ मंडल राजनीति के सभी पिछड़े नेताओं ने छल किया। उनसे दगाबाजी की।

शरद यादव का एक और ऐतिहासिक मतलब है। वे गैर कांग्रेसवाद की राजनीति के पहले नौजवान लोकसभा सांसद थे, जिनकी उपचुनाव जीत से कांग्रेस के पतन, जेपी आंदोलन, इंदिरा गांधी के सियासी पतन का सिलसिला शुरू हुआ। हां, छात्र राजनीति से 1974 के जबलपुर उपचुनाव में विपक्षा के साझा जनता उम्मीदवार के रूप में शरद यादव ने कांग्रेस के दिग्गज सेठ गोविंददास को जब चुनाव हराया था तो वह परिवर्तन की चिंगारी थी। गैर कांग्रेसवाद की राजनीति का बिगुल था। उसी के बाद तो फिर संपूर्ण क्रांति का आह्वान, इमरजेंसी और अंत में जनता पार्टी सरकार के बनने का घटनाक्रम था।



शरद यादव का दूसरा ऐतिहासिक रोल प्रधानमंत्री वीपी सिंह से मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करवाने का था। इसलिए वे पिछड़ों का आरक्षण करवाने के पितामह थे। यह भी नोट रखें कि मुलायम सिंह और लालू यादव दोनों शरद यादव के कारण मुख्यमंत्री बने। दोनों का राजनीतिक करियर शरद यादव के कारण था। यह अलग बात है कि दोनों ने उनका अहसान बहुत जल्द सत्ता अहंकार में भूला दिया। सत्ता नेताओं को कैसे संस्कारहीन बनाती है, अहंकारी बनाती है इसके आजाद भारत में सर्वाधिक उदाहरण मंडल राजनीति के पिछड़े नेताओं के परस्पर धोखे के हैं।

मैं आरक्षण व मंडल राजनीति को हिंदुओं के गुलाम इतिहास की भूख का एक हिस्सा मानता हूं। मैंने शरद यादव की जात थीसिस को कभी नहीं माना। कई बार मुलायम, लालू और नीतीश कुमार आदि नेताओं से उनके हुए अनुभवों के हवाले मैं उन्हें कचोटता था। बावजूद इसके वे जातियों के लोहिया समाजवाद से इंच भर कभी टस से मस नहीं हुए। मुझे कई बार गिला हुआ कि मैंने मंडल आरक्षण लिवाने वाले वीपी सिंह और शरद यादव की राजनीति से क्या-क्या उम्मीदें (खासकर गैर कांग्रेसवाद, भ्रष्टाचार उन्मूलन) बनाई थी लेकिन हुआ क्या? और सबसे बड़ी बात जो दोनों के साथ उनके अपने लोगों ने क्या राजनीतिक धर्म निभाया?

बहरहाल, शरद यादव का रोल भाजपा को सत्ता में बैठवाने का भी रहा। डॉ. राममनोहर लोहिया के चेहरों (चाहे तो प्रसोपा वालों को भी शामिल करें) में मधु लिमये और जॉर्ज फर्नांडीज ने संघ से एलर्जी में कभी चाहे जो स्टैंड लिया हो लेकिन यह भी हकीकत है कि जनता पार्टी, जनता दल, जन मोर्चा की वीपी सिंह सरकार, संयुक्त मोर्चे से लेकर फिर अटल बिहारी वाजपेयी की एनडीए सरकार में जॉर्ज फर्नांडीज और शरद यादव दो ऐसे चेहरे थे, जिनकी अगुवाई में, जिनके द्वारा लगातार एक के बाद एक चरण में स्वीकार्यता बनाए जाने से भाजपा सत्ता के शीर्ष पर पहुंची। शरद यादव, जनता पार्टी के गठन के वक्त युवा समाजवादी थे। तब मधु लिमये, जॉर्ज फर्नांडीज का राजनीतिक रूतबा भारी-भरकम था। इससे इतर सूझबूझ से शरद यादव ने चौधरी चरण सिंह, देवीलाल याकि लोकदल की धारा से अपना जुड़ाव बना उन्होंने जॉर्ज के मिशन में काम किया तो अपना स्वतंत्र सियासी वजूद भी बनाया। और ये दोनों समाजवादी भाजपा की वाजपेयी सरकार के आधार स्तंभ थे। संसद के सेंट्रल हॉल में वीर सावरकर की तस्वीर लगाए जाने के पक्षधर तो वाजपेयी-आडवाणी में श्रम-विमानन-खाद्य जैसे मंत्रालय संभालते हुए।

मैं शरद यादव की राजनीति का ताउम्र ऑर्ब्जवर रहा। 'जनसत्ता' में अनेकों बार उन पर 'गपशप' लिखी। मगर वे मेरा नेचर-मेरी जाति-मेरे विचार जानते थे और सबके बावजूद सहज भरोसे का अपनापन लिए हुए। यों भी उन दिनों राजनीति पढ़ने-लिखने वालों की थी। नेता और पत्रकार एक दूसरे से समझते थे। सत्य में जीते थे। तभी जमीनी नेताओं के साथ गपशप, उठना-बैठना सब भरपूर था। गैर-कांग्रेसवाद की राजनीति का हर उबाल मेरे लिए शरद यादव, रामविलास पासवान नीतीश कुमार, केसी त्यागी, गोविंदाचार्य, वाजपेयी, आडवाणी आदि के साथ चुनावी दौरों, राजनीतिक कवरेज के मौके लिए हुए होता था।

उस लुटियन दिल्ली को खत्म हुए बरसों हो गए हैं। भारत की राजनीति में अब न लुटियन दिल्ली है और न संस्कारवान नई दिल्ली। अब दिल्ली कृपण है, अहंकारी है, संकीर्ण है। इस हकीकत के बावजूद यह खबर मुझे व्यथित कर गई थी कि सात दफा लोकसभा और तीन बार राज्यसभा सांसद रहे शरद यादव का लुटियन दिल्ली मकान खाली करवाया जा रहा है। इस पर न मंडलवादी नेताओं की सुध लेने की खबर मिली और न उन लोगों की संवेदना भभकी, जिनका मुख्यधारा की राजनीति से अछूतपना कभी समाजवादी शरद यादव ने खत्म कराया था।

**हरिशंकर व्यास**

# मुद्दा : समझना होगा मानवीयता का मर्म

हाल ही में सोनीपत जीटी रोड पर दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में मारे गए दो लोगों के शवों को लगातार वाहनों द्वारा रौंदने की घटनाएं सामने आई हैं।

इन शवों को पूरी रात रेज रफ्तार वाहन कुचलते रहे। इससे पहले दिल्ली में 20 साल की युवती अंजली को एक कार के नीचे घसीटते हुए कई किलोमीटर तक ले जाया गया था। पिछले कुछ समय से हादसों के बाद शवों को कुचलने या इधर-उधर फेंकने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ तो हम प्रगतिशील एवं सभ्य होने का दावा करते हैं, वहीं दूसरी तरफ शर्मसार मानवीयता हमारे सभ्य होने पर प्रश्निचह्न लगाती है। इस दौर में हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि दो मिनट रु ककर न कुछ देखना चाहते हैं, न सुनना चाहते हैं और न कुछ सोचना ही चाहते हैं। आज जिंदगी की इस रफ्तार ने हमारी संवेदनशीलता को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। हम शवों को रौंदकर आगे निकल जाते हैं और पीछे रह जाती है कुछ सवाल छोड़ती हुई हमारी इंसानियत। वही इंसानियत जिस पर हम बार-बार गर्व करते हैं। वही इंसानियत जिसे बचाने के लिए बड़े-बड़े कथा पंडालों में बड़े-बड़े संत उपदेश देते हैं और हम इन संतों को नमन करते हुए उनके आगे हाथ जोड़कर अपना सिर झुका लेते हैं, लेकिन व्यावहारिक जिंदगी में जब ऐसी शर्मनाक घटनाओं के कारण हमारा सिर शर्म से झुकता है तो इंसानियत से हमारा भरोसा उठने लगता है।

दरअसल, बड़ी-बड़ी गाड़ियों में चलने वाला पढ़ा-लिखा तबका स्वयं को सभ्य मानता है और और समय-समय पर अपनी इस सभ्यता पर गर्व भी करता रहता है। सवाल यह है कि क्या सभ्यता पढ़े-लिखे वर्ग की ही बपौती है? क्या अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा मनुष्य सभ्य नहीं हो सकता? वास्तविकता तो यह है कि अनपढ़ मनुष्य भी सभ्य हो सकता है। सभ्यता सीधे हमारी संवेदनशीलता से जुड़ी है। एक अनपढ़ मनुष्य, पढ़े-लिखे मनुष्य से ज्यादा संवेदनशील हो सकता है। एक समय में हमारे ज्यादातर पूर्वज अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे थे, लेकिन वे ज्यादा संवेदनशील थे। दरअसल, इस दौर में पढ़ा-लिखा तबका स्वार्थी हो गया है। इसीलिए वह सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ते हुए ठहरकर कुछ देखना या सोचना नहीं चाहता।



हम सब इतनी हड़बड़ी में हैं कि सड़क पर पड़े हुए शव को देखते हुए भी अनदेखा कर उसे रौंदते हुए चले जाते हैं। जब हमारी सम्यता के साथ स्वार्थ जुड़ जाता है तो हमारी संवेदनशीलता गायब होने लगती है। ऐसी स्थिति में अनपढ़ या कम पढ़ा-लिखा तबका ही ज्यादा विश्वसनीय साबित होता है।

सवाल यह है कि इस स्वार्थ के वशीभूत होकर हम कैसा समाज बना रहे हैं? हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि जाने-अनजाने हम जिस स्वार्थ और संवेदनहीनता का चक्रव्यूह रच रहे हैं, एक दिन उसी चक्रव्यूह में हम भी फंस सकते हैं। शवों को रौंदना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। इसका जिम्मेदार भी कोई और नहीं, बल्कि हम ही हैं। दरअसल, सरकार द्वारा बार-बार यह दावा किया जाता है कि पहले की अपेक्षा सड़कों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है।

हाईवे के संदर्भ में सरकार के इस दावे में सच्चाई भी है। इसके अतिरिक्त सड़कों पर चलने के लिए अच्छा-खासा टोल टैक्स भी वसूला जा रहा है। जिस हिसाब से मोटा टोल टैक्स वसूला जा रहा है, क्या उसी हिसाब से सड़कों पर लोगों को सुविधाएं भी मिल पा रही हैं? 'भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण' के कर्मचारी कभी-कभी हाईवे पर घूमते हुए जरूर दिखाई दे जाते हैं। सवाल यह है कि भीषण दुर्घटनाओं के समय ये कर्मचारी कहां रहते हैं? अजीब विरोधाभास है कि सरकार ज्यों-ज्यों सड़कों पर सुविधाएं बढ़ाने दावा करती है, त्यों-त्यों सड़कों पर होने वाली दुघटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है।

गौरतलब है कि मर्सिडीज-बेंज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत के पांच फीसद राजमागरे पर 60 प्रतिशत मौतें होती हैं। यह दुर्घटनाएं सड़कों की खराब स्थिति, सड़कों के उचित रखरखाव में कमी और यातायात नियमों के उल्लंघन सहित कई कारणों की वजह से हाती हैं। तेज गति से वाहन चलाने से बड़ी संख्या में दुघटनाएं होती हैं। सभी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में से 56 प्रतिशत ओवर स्पीडिंग के कारण होती हैं। दरअसल, जब से सड़कों विशेषतः राष्ट्रीय राजमागरे की स्थिति में सुधार हुआ है, तब से सड़कों पर वाहनों की गति भी बढ़ गई है। कई राजमागरे पर गति नियंत्रित करने के लिए मीटर लगाए गए हैं और गति की सीमा भी लिखी गई है।

इसके बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ पा रही है। कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क हादसों के लिए खराब प्रोजेक्ट रिपोर्ट को जिम्मेदार बताते हुए कहा था कि डीपीआर तैयार करने वाली कंपनियों के लिए प्रशिक्षिण कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत है। बहरहाल, सरकार को सड़कों पर और ज्यादा सुविधाएं प्रदान करनी होंगी तो दूसरी ओर जनता को भी ऐसे मसले पर संवेदनशील बनना होगा।

**रोहित कौशिक**

## धैर्य

बचपन से सुनते आएं हैं धैर्य से काम लो तो फल जरूर मिलेंगे।आजकल के ज़माने में धैर्य खत्म होता जा रहा हैं।कुछ तो जमाने में हर जगह 'स्पीड' झड़प कह सकते हैं उसकी अतिशयोक्ति आ गई है।देखें तो वाहन,पहले के जमाने में पैदल या तांगा वे बैलगाड़ी में यात्रा करते थे।क्या करते थे उस समय के दौरान मुसाफिर? अगर अकेला मुसाफिर होता था तो विविध विषय पर मनन किया करता था,और साथ कोई हमसफर होता था तो विचार विमर्श,कोई चर्चा जो कोई सामाजिक, राजकीय या धार्मिक मुद्दों पर हुआ करती थी।फिर आई बस और रेल गाड़ी जो थोड़ी ज्यादा झड़प से पहुंचा दिया करती थी किंतु तब भी ये विमर्श या चर्चा हुआ करती थी।हवाई जहाजों में काम समय की यात्रा होने से अपने सहयात्री से पहचान होते होते ही यात्रा खत्म हो जाती है तो विमर्श या चर्चा का सवाल ही नहीं उठता।

पहले जो चर्चाएं हुआ करती थी वह दिमागी व्यायाम था जो आजकल मोबाइल की वजह से खत्म हो गई हैं।सब कुछ गुगल से मिल जाता हैं माना किंतु क्या जो आप पढ़ रहे हैं उसकी सत्यता कितनी हैं ये सवाल हैं।वहां पोस्ट करने वाला उस विषय का कितना ज्ञान रखता है या सुनी सुनाई बात या सिर्फ अपने एस अभिप्राय को सत्य साबित करने के लिए लिख रहा है ये हमें पता नहीं हैं।ऐसी ही मानसिकता फेस बुक या वॉट्स ऐप पर भी देखने मिलता हैं।जैसे काफी में कुछ दूसरे द्रव्यों को मिला कर बालों में लगाने से सफेद बाल सदा के लिए काले हो सकते है।क्या आप इस बात से सहमत हैं? शायद ऐसी वीडियो पोस्ट करने वाला खुद सहमत नहीं होगा लेकिन लाइक्स और कमेंट्स की लालसा में पोस्ट कर देते हैं।ये अलग बात हैं किंतु धैर्य का हनन करने वाला ये यंत्र मानसिक नुकसान की करते हैं अगर सही समय और सही तरीके से उपयोग नहीं कर पाते है हम।इस में सही उम्र का भी खयाल रखना चाहिए,बच्चों के हाथ में ये यंत्र बहुत ही नुकसानदेह साबित हो सकता हैं।

धैर्य का कम होते जाने से आत्मविश्वास भी कम करता हैं।जैसे हम जब पेन ये पेंसिल से लिखते थे तो सोच समझ कर लिखते थे,वैसे ही टाइप राइटर में भी ध्यान रखते थे वरना पेपर निकम्मा हो जायेगा दुबारा टाइप करना पड़ेगा ऐसे डर से चौकन्ना रहते थे।किंतु आज की बोर्ड पर एक दम फटाफट उंगली घुमाते हैं पता है न डिलीट बिना किसी दाग के हो जाना हैं।तो यहां भी धैर्य कम हो लापरवाही आ जाएगी।

वैसे धीरे धीरे धैर्य कम होते होते किस मकाम पर आएगा ये पता नहीं किंतु उसका रिश्तों के रखरखाव पर बड़ा असर पड़ता हैं।जब हम दैविक शक्तियों के साथ धैर्य रखते हैं,कुतर्कों से बचे रहते हैं तभी हम धर्म पर विश्वास रख पाएंगे। वैसे ही अपने आप के साथ धैर्य रखने से आत्मविश्वास में वृद्धि होती हैं।कोई भी काम पूर्ण आत्मविश्वास से करते है वह शुरू ने ही आधा सफल हो जाता हैं।दूसरों के साथ रखा गया धैर्य दूसरों के प्रति सम्मान का प्रतीक हैं।और सबसे ज्यादा अपनों के साथ,माता,पिता,पत्नी बच्चें या दूसरे रिश्तेदारों से रखा गया धैर्य उनके प्रति प्रेम का प्रतीक बन जाता हैं।

अगर सब ही रिश्तों को न्याय देने के हिसाब से जीवन व्यतीत करना हैं तो धैर्य का होना अति आवश्यक हैं।धैर्य पाने के लिए भी धैर्य रखना जरूरी हो जाता हैं।आभासी दुनिया को पहचान सीमित प्रयोग अति आवश्यक बन जाता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



जयश्री बिरमी
अहमदाबाद गुजरात

## धूप खिली है भोले

धूप खिली है मद्धम-मद्धम,
भोले का आकार लिए,
जीवन के हर सपने को जो,
बस पल में साकार किए ।
धूप खिली है ....
हम भोले से करें प्रार्थना,
याचक बन हम करें याचना,
जो हमनें पाया है तुमसे,
उसका दूना जग को देना।
धूप खिली है....
इच्छाओं की जो गठरी है ,
भार सहित तुम खुद हर लेना,
इसका लेना उसका देना,
झंझट में ना पढ़ने देना।
धूप खिली है ....
उम्मीदों और आशाओं में ,
साथ दिया करते हैं भोले,
सत्य-कर्म की पगडंडी पर,
साथ चला करते हैं भोले।
धूप खिली है ....
पवन बहे अपनी ही धुन में,
लगता हिम को छूकर आई,
तब भोले ने अपनी उर्जा,
देकर सब में प्रीत बड़ाई।
धूप खिली है ....

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार
त्रिपाठी राम
गांधीनगर,
इन्दौर,मध्यप्रदेश

## प्रेम की परिभाषा कोई लिख नहीं सकता

चिराग ले ढूंढेगे अगर प्रेम की परिभाषा
नहीं मिलेगा इनके जैसा अब दूजा भाषा
प्रेम जमाने से कभी भी झुक नही सकता
प्रेम की परिभाषा कोई लिख नही सकता
एक दूजे की चाहत का ये तो अहसास है
दूर रहकर भी सदैव एक दूजे के साथ है
अगन प्रेम का कभी भी छिप नही सकता
प्रेम की परिभाषा कोई लिख नही सकता
ये तो रब की नेमत है जो दिलो मे बसा है
बंधन है अटूट जिसे स्वयं रब ने कसा है
प्रेम के अहसास कभी बिक नही सकता
प्रेम की परिभाषा कोई लिख नही सकता
संग जीने-मरने की कसमें कितने खाये
यादों की बारात लेकर कितने रुत आये
चाहतो में एक ही मौसम हो नही सकता
प्रेम की परिभाषा कोई लिख नही सकता
सब रिश्तों से ऊपर जिनके ये दरकार है
दिल से दिल की मिली-जुली सरकार है
दिल से दिल का रिश्ता टूट नही सकता
प्रेम की परिभाषा कोई लिख नही सकता

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़

# बिन्नी के गले में घंटी

बिन्नी बिल्ली ने न केवल राउत मुहल्ला; बल्कि पूरे कनेरी गाँव के नाक में दम कर दिया था। सभी के घरों में मौका मिलते ही दबे पाँव जाती थी; और जो भी खाने की चीज मिलती, उसी का हो जाता। पूरी तरह चट कर जाती थी, साथ ही घर भर पूरे बर्तन बिखरा देती। थोड़ी सी आहट मिलते ही, चालाक बिन्नी चम्पत हो जाती। यह उसका रोज का काम था। मुहल्ले भर रोज बिन्नी की हरकतों की चर्चा होती ही रहती थी।

बिन्नी बड़ी झगड़ालू भी थी। उसका अपने बिरादरी वालों से भी कभी नहीं बना। उसे अपनी ताकत पर भी बड़ा घमंड था। बात-बात पर सबको आँखें दिखाती थी। यदि कोई दूसरी बिल्ली किसी के घर की बनी खाने की कोई चीज खा देती, तो बिन्नी उसका बारह बजा देती। इसीलिए उसे कोई फूटी आँख नहीं भाते थे।

एक दिन राउत मुहल्ले के लोगों ने बिन्नी से छुटकारा पाने की योजना बनाई। कुछ लोग एक जगह इकट्ठे हुए। सबकी ओर से बात चली। तभी मनु ने अपने पड़ोसी बिट्टू से कहा- कल तुम मेरे घर आना। एक कमरे में जाल बिछा कर रखूँगा। दरवाजे बंद कर देंगे। तुम खिड़की के बाहर एक नेट पकड़ कर रहना। अपने घर के दरवाजे पर खड़ी रूपाली बोली- मैं क्या बताऊँ भारती बहन ! कल मैं खीर बनायी थी। उससे बचाने के लिए फ्रीज में रख दी थी। उसे पता चल ही गया। मेरे दोनों बच्चे स्कूल चले गये; और मैं और उनके पापा बाजार। हम लोगों के आते तक फ्रीज के दरवाजे को खरोच डाली थी। रूपाली के शांत होते ही सृष्टि बोली- मैं तो इतनी परेशान हूँ उससे कि क्या बताऊँ। आज सुबह चूहे को मारकर बिस्तर के ऊपर छोड़ दी थी। बदबू से कमरा भर गया था। पास बैठा शुभम कहने लगा कि पिछले बुधवार को रोटी को चूहे मारने की दवाई लगा कर एक जगह रख दी, तो सूँघ कर वह चलती बनी। शुभम की बातें सुन सबको हँसी आ गयी। फिर सभी एक-एक करके बिन्नी बिल्ली की हरकतों का जिक्र करने लगे।

बिन्नी बिल्ली चूहों के लिए भी बड़ी आफ्त थी। वह इतनी फुर्तीली थी कि चूहे देखते ही बिजली की तरह टूट पड़ती थी। उसकी निर्दयता तब हद से बाहर हो जाती, जब जितने भी चूहे उसके हाथ लगते, सबका काम तमाम कर देती थी। उसकी निर्ममता को बेचारी एक सफेद चुहिया चिल्ली सबके पास रो-रोकर बताती थी; आखिर उसके बच्चे एक नहीं; तीन बार बिन्नी के भेंट चढ़ चुके थे।

एक दिन की बात है। दिनेश दोपहर को खाना खाने के लिए स्कूल से घर आया। खाने के बाद ड्राइंगरूम में गया। आलमारी से पुस्तक निकालते समय उसे कराहने की आवाज सुनायी दी। देखा, तो बिन्नी का सर एक मेटल फ्लॉवरपॉट में फँस गया था। वह खूब हड़बड़ा रही थी। फिर दिनेश ने अपने पड़ोसी काका शिखर को बुलाया। देखते ही देखते चार-पाँच लोग इकट्ठे हो गये। बिन्नी पकड़ ली गयी। अब जैसे-तैसे करके उसके सर को फ्लावर पॉट से बाहर निकाला गया। बिन्नी एकदम घबरायी हुई थी। उसके बारे में कई तरह की बातें होने लगी। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बिन्नी के गले में घंटी बाँध कर छोड़ दी जाय। यही उसकी सजा होगी।

गले में घंटी बँधी बिन्नी बिल्ली का अब जीना दुभर हो गया। न तो उसे किसी के घर खाने-पीने को मिलता, और न ही वह चूहे वगैरह पकड़ पाती। कई दिनों तक भूखा रहना पड़ता था उसे। बिन्नी के गले की घंटी की आवाज सुनते ही सब सतर्क हो जाते थे। चूहे तो अपने बिलों से बिन्नी को देख ताना मारा करते थे- अब आया ऊँट पहाड़ के नीचे। आतंक का अंत होता ही है। बिल्लियाँ भी कहाँ चूकने वाली थीं- %दूसरों की जिंदगी इसके लिए बड़ी सस्ती थी। अब बात समझ आयी इसे, किसी के दुःख को दुःख न समझना। भुगतने दो; जैसी करनी, वैसी भरनी।

दो-तीन महीने में बिन्नी की हालत खराब हो गयी। वह हमेशा डरी-सहमी सी रहती थी। ठीक से खाने-पीने को तो मिल ही नहीं रहा था; साथ ही उसे अब मुफ्त में मार पड़ जाती थी। धीरे-धीरे उसका शरीर जवाब देने लगा। हिलती डुलती हुई चलती थी। ठीक से उसकी आवाज नहीं निकलती थी। आँखें तक धँसने लगी थी। उसकी हालत दयनीय हो गयी। कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी। उसकी हालत पर दया आ गयी। सबने विचार-विमर्श किया। लगा कि अब तो इस बिल्ली पर कुछ ज्यादती हो रही है। इसको तो अब सबक मिल ही गया। मर-वर जाएगी तो हम सब पर बिल्ली की हत्या का पाप लगेगा। इसलिए इसके गले की घंटी निकाल दी जाय।

दूसरे दिन मनु के पापा, यश के चाचा, बिट्टू के भैया ने मिलकर बिन्नी को पकड़ा; और उसके गले की घंटी निकाल दी। गले से घंटी निकलते ही बिन्नी ने राहत की साँस ली। बिट्टू ने उसके लिए अपने घर से दूध लाया। शिखा ने उसे रोटी खिलायी। फिर उस दिन से सभी उसे खाने के लिए कुछ न कुछ देने लगे। महीने भर में बिन्नी भली-चंगी हो गयी। पहले जैसे हृष्ट-पुष्ट दिखने लगी। अब तो उसका स्वभाव बदल चुका था। वह सीधी-सादी बिल्ली बन चुकी थी। फिर उसने कभी कोई हरकत नहीं की। सभी उसे प्यार करने लगे थे। उसे एक नया नाम किट्टी मिल चुका था। खेलते हुए बच्चों के पास आकर बैठ जाती थी प्यारी किट्टी। पर हाँ, अब भी जैसे ही उसके कानों पर घंटी की आवाज पड़ती, वह दुम दबाकर भाग जाती। बच्चे हँसते हुए चिल्लाते थे- देखो....भागी रे किट्टी.. भागी रे..।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



टीकेश्वर
सिन्हा
गब्दीवाला
घोटिया-
बालोद
(छत्तीसगढ़)

# संघर्ष और आत्मनिर्भरता, अदम्य जिजीविषा की परिणति

पराधीन सपने हूं सुख नाही यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि ÷एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं÷,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# महोत्सव को यादगार बनाने सभी करें भरसक प्रयास:भगत

## इस बार फिर होगा कुश्ती,पतंगबाजी का भी होगा आयोजन,खाद्य मंत्री ने ली मैनपाट महोत्सव की तैयारी बैठक





- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने रविवार को मैनपाट के शैला रिसॉर्ट में मैनपाट महोत्सव की तैयारी बैठक ली। बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार व जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने इस बार के मैनपाट महोत्सव को यादगार बनाने तथा लोगों को नया देखने को मिले इसकी तैयारी हेतु पूरी कोशिश करने कहा। उन्होंने इस बार फिर कुश्ती प्रतियोगिता के साथ ही पतंबाजी का आयोजन करने के भी निर्देश दिए। महोत्सव में लाइटिंग की शानदार व्यवस्था पर भी जोर दिया।

खाद्य मंत्री ने कहा कि मैनपाट महोत्सव का प्रदेश में अलग पहचान है। लोग बेसब्री से इसका इंतजार करते हैं। महोत्सव देखने आने वाले लोग अच्छी यादें लेकर जाएं। उन्होंने मैनपाट के सभी टूरिस्ट प्वाइंट की सड़कों की मरम्मत तथा सड़क किनारे मुरुम भराव कराने के साथ हो हर चौक में साइनेजेस लगवाने के निर्देष दिए। इसी प्रकार मेला स्थल प्रवेश हेतु वीवीआइपी, वीआईपी एवं आमजनों के लिए सुविधा के अनुसार प्रवेश द्वार, पार्किंग की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल जगज-जगह तैनात रहे। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रहे ताकि सभी सुरक्षित महसूस करें। बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था तथा दुकाने भी व्यवस्थित रहें। पार्किंग का संचालन महिला समूहों के माध्यम से कराने कहा।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि इस बार मैनपाट महोत्सव के बेहतर आयोजन हेतु सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सभी अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर आयोजन को सफल बनाएं। खाद्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ रोपाखार जलाशय के समीप स्थित महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य मंच सहित बैठक व्यवस्था, प्रवेश द्वार, पार्किंग आदि की जानकारी ली और सुव्यवस्थित आयोजन हेतु तैयारी जोर-शोर से शुरू करने के निर्देश दिए। जलाशय में पानी रिसने के कारण जल भराव कम होने पर रिसाव में सुधार कर जलभराव करने के निर्देश दिए।

इस दौरान छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री अटल बिहारी यादव, छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुदीन इराकी, अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### खाद्य मंत्री ने किया एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का निरीक्षण

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने रविवार को दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट के उन्नयन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने रन-वे सहित एप्रन, ड्रेनेज, सिक्युरिटी एरिया व टर्मिनल बिल्डिंग के कार्य मे तेजी लाकर समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। खाद्य मंत्री ने कहा कि अभी तेजी से काम कराने का अनुकूल समय है ज्यादा से ज्यादा लेबर लगाकार रात में भी काम जारी रहे। कंसल्टेंट से आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन लें ताकि कोई तकनीकी दिक्कत न हो। बाउंड्री वाल का काम जहां-जहां शेष है उसे तत्काल पूरा कराएं। बताया गया कि अभी रन-वे में डामरीकरण का फाइनल लेयर हो गया है इसके बाद बीसी लेयर जनवरी के अंत तक हो जाएगा। ड्रेनेज व एप्रन एरिया का काम भी तेजी से चल रहा है। रन-वे के दोनों ओर समतलीकरण का कार्य तथा पुलिया निर्माण का कार्य चल रहा है। टर्मिनल भवन का उन्नयन कार्य करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा जिसमें अराइवल, डिपार्चर, सिक्युरिटी एरिया, वीआईपी लाउंज आदि का उन्नयन होगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, पार्षद श्री दीपक मिश्रा सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में मासूम बच्ची की मौत




- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** अपने माता-पिता के साथ दिल्ली से शादी समारोह में शामिल होने आई तीन वर्षीय बालिका की सड़क हादसो में मौत हो गई। घटना दरिमा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार रोसू खलखो पिता कुलदीप खलखो उम्र 3 वर्ष दिल्ली की रहने वाली थी। वह अपन माता-पिता के साथ शादी में शामिल हेने अंबिकापुर आई थी। रविवार की देर रात लगभग 2 बजे दरिमा से शादी समरोह में शामिल होकर कार में सवार होकर सभी वापस अंबिकापुर लौट रहे थे। रास्ते में दरिमा रोड में सड़क किनारे पेड़ के ठूठ के कारण कार अनियंत्रित हो गई और कार पलट गई। दुर्घटना में मासूम बच्ची कार से बाहर फेंका गई और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम हुआ संपन्न

## पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर किया गया जागरूक



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्रतापुर द्वारा प्रतापपुर विकासखंड के स्कूलों और कॉलेजों में नशा नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामनगर में पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर के डॉ. एके राय ने राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया और नशा मुक्ति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू के इस्तेमाल के हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूक करना एवं तंबाकू नियंत्रण कानूनों को देखना है। इससे तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलती है। पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं को संस्था के प्राचार्य प्रदीप जायसवाल ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में राजपाल पुरस्कृत व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने अपना सहयोग प्रदान करते हुए नशा मुक्ति संबंधित जानकारियां दी। नशा नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आंचल यादव और छाया यादव कक्षा 11वीं, द्वितीय स्थान ऐश्वर्या, प्रीति,तारा और दुर्गा कक्षा 9वी और तृतीय स्थान ऋषभ कुमार, राजकुमार, अतुल कक्षा 9वीं ने प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गीता राजवाड़े, द्वितीय अनिता यादव कक्षा 11वीं और देवकुमार कक्षा 9 वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जागरूकता कार्यक्रम में स्वाथ्य विभाग की टीम में डॉक्टर एके राय, डॉक्टर प्रीति मिश्रा, प्रेम गुप्ता लैब टेक्नीशियन मिस संगीता फार्मासिस्ट थे। जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामनगर के व्याख्याता अजय कुमार पटवा, लीलाधर नायक सहित संस्था के सभी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# डॉ संजय अलंग होंगे सरस्वती साहित्य सम्मान से सम्मानित

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती साहित्य सम्मान साहित्य कार,इतिहासकार व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय अलंग को दिए जाने की घोषणा की गई है। डॉ. अलंग को यह सम्मान पं. बबन प्रसाद मिश्र स्मृति समारोह के दौरान प्रदान किया जाएगा और इस अवसर पर उनका एक शोध आधारित व्याख्यान होगा जिसका विषय ÷छत्तीसगढ़ में छत्तीस और गढ़ क्या और कैसे?÷ है।



यह पुरस्कार उनके द्वारा छत्तीसगढ़ की इतिहास और संस्कृति पर किए विशिष्ट शोधों और शोधात्मक इतिहास लेखन को रेखांकित करते हुए दिया जा रहा है। चयन समिति ने एक मत से डॉ संजय अलंग का पुरस्कार हेतु चयन किया। पुरस्कार घोषणा के साथ यह कहा गया है कि डॉ. अलंग के शोधों ने छत्तीसगढ़ से संबंधित कई भ्रांतियों का खंडन कर नए तथ्यों को संदर्भ और प्रमाण के साथ सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया और शोध के लिए नए आयाम खोले। इतिहास को लिखने और देखने की शोध दृष्टि विकसित कर नए शोधार्थियों को प्रेरित भी किया। उनके द्वारा छत्तीसगढ़ पर किया गया काम अत्यधिक महत्वपूर्ण और विशिष्ट है। इस हेतु उन्हें केन्द्र के मानव संसाधन और शिक्षा मंत्रालय से सर्वश्रेष्ठ शोध शिक्षा लेखन का सर्वोच्च राष्टीय पुरस्कार भी मिल चुका है। डॉ. संजय अलंग की छत्तीसगढ़ पर 10 से अधिक पुस्तकें व 3 कविता संग्रह भी प्रकाशित हैं । ज्ञातव्य हो कि हाल ही में संजय अलंग को उनके नवीन कविता संग्रह- नदी उसी तरह सुन्दर थी जैसे कोई बाघ- पर प्रतिष्ठित सूत्र सम्मान दिए जाने की भी घोषणा हुई थी। डॉ अलंग वर्तमान में बिलासपुर संभागायुक्त के साथ ही सरगुज़ा संभागायुक्त की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# स्वर्णकार वेलफेयर एवं तेंदू पत्ता प्रबंधक ने कोरवा बस्ती में मनाया मकर संकांति



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर ग्राम डकई के कोरवा बस्ती में स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन एवं तेंदू पत्ता प्रबंधक राजू सोनी द्वारा कार्यकर्म का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम डकई के कोरवा पारा के काफी संख्या में ग्रामीण महिला और पुरुष तथा बच्चे उपस्थित हुए। जिन्हें, स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य और तेंदू पत्ता प्रबंधक राजू सोनी ने मकर संक्रांति की बधाई दी गई तथा कोरवा समाज के लोगों को मुख्य धारा से जुडने़ और शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बारे में बताया गया। इसके अलावा स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव डीके सोनी ने भी उपस्थित थे। जिन्होंने कोरवा समाज के लोगों को सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे आने हेतु मदद करने की बात कही तथा निश्शुल्क कानूनी सलाह और कानूनी मदद करने हेतु कहा गया। इसके अलावा स्वर्णकार समाज के अखिलेश सोनी ने भी कोरवा समाज के लोगों को शिक्षा ग्रहण करने और शासकीय योजनाओं तथा 8वीं से 12वीं पास युवक और युवतियों को सरकारी नौकरी प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी तथा सभी को ज्यादा से ज्यादा मदद करने की बात कही। उक्त कार्यक्रम को प्रहलाद तिवारी, गुलाब चंद यादव द्वारा भी संबोधित किया गया। तथा उपस्थित कोरवा समाज के महिला और पुरषों को कंबल का वितरण किया गया तथा बच्चों को बिस्किट और मिठाई बांटकर उनके साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। उक्त कार्यकर्म का संचालन कोरवा समाज के जनपद सदस्य ने किया तथा ग्राम डकई के सरपंच ने आभार व्यक्त किया उक्त कार्यकर्म में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** नवाबिहान अभियात के तहत जिले में सरगुजा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मणिपुर चौकी पुलिस ने शहर के जेल रोड तालाब दर्रीपारा के पास 15 नग अवैध नशीली इंजेक्शन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। मणिपुर चौकी प्रभारी सरफराज फिरदौसी को मुखबिर से जानकारी मिली की शहर के जेल रोड तालाब दर्रीपारा के पास एक व्यक्ति नशीले इंजेक्शन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदेही को हिरासत में लेकर उसके पास रखे सफेद रंगे के झोले की तलाशी ली तो 15 नग नशीले इंजेक्शन पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी बिश्रामपुरर सूरजपुर निवासी सौरभ बंसल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में एएसआई अभिषेक पांडेय, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, पीताम्बर, अतुल शर्मा, इम्तियाज अली, मकरध्वज सिंह शामिल रहे।

## अवैध धर्मांतरण को लेकर भाजपा का धरना आज

**सूरजपुर 15 जनवरी 2023।** प्रदेश में चल रहे अवैध धर्मांतरण व धर्मातरण के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर भूपेश सरकार के रासुका लगाने के मंशा के विरोध में जिला भाजपा द्वारा आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा । सूरजपुर जिला भाजपा द्वारा नगर थाना के समीप धरना प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने धरना प्रदर्शन मे अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आह्वान किया है ।उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार की तानाशाही के खिलाफ भाजपा हर मोर्चे पर पुरजोर लड़ाई लड़ेगी।



# जागरूकता दौड़ के माध्यम से दिया गया यातायात जागरूकता का संदेश



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को गांधी स्टेडियम में सुबह 6 बजे आम नागरिकों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स को यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान कर उनका पालन कराने के उद्देश्य से 4 किलोमीटर की जागरूकता दौड़ का आयोजन गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर से शुरू होकर वाटर पार्क तक आयोजित किया गया।

सरगुजा पुलिस के अभियान %पथ सुरक्षा - जीवन रक्षा' के तहत %त्रिनेत्र' हेल्पलाइन नंबर 9627344000 की जानकारी युवा पिढ़ी को देकर हर एक नागरिक को सरगुजा पुलिस का %त्रिनेत्र' बनने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि कई जगहों पर यातायात के नियम आमनागरिक स्वयं पालन करते हैं। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होंगी जिसमे आमनागरिक स्वयं जागरूक होकर यातायात के नियमों का पालन करें और अन्य नागरिकों को भी नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दें। सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा कहा गया कि सड़क दुर्घटना के मामलों से परिवार के सामने कई गंभीर चुनौतिया उत्पन्न हो जाती हैं जिसका आभास लगा पाना एक सामान्य व्यक्ति के लिए काफी मुश्किल होता है। इस समस्या से निजात पाने के लिए हम सबको यातायात के नियमों का प्रभावी तौर पर पालन करना एवं कराना सुनिश्चित करना होगा। इसी सन्दर्भ मे सरगुजा पुलिस द्वारा %पथ सुरक्षा जीवन रक्षा' अभियान की शुरुवात की गई हैं।

जागरूकता दौड़ के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह के कार्यक्रम में पुरस्कृत करने हेतु जानकारी दी गई, पुरुष वर्ग में प्रथम डमेश्वर राम द्वितीय, नीलेश सिंह और तृतीय महेन्द्र कुमार राजवाड़े रहे। महिला वर्ग से प्रथम सुष्मिता सिंह, द्वितीय रोमा यादव और तृतीय पार्वती दास रहीं। यातायात जागरूकता दौड़ के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पाटनवार, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, अनुविभागिय अधिकारी पुलिस (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक, रक्षित निरीक्षक जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक कलीम खान, यातायात पुलिस समेत समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एनसीसी कैडेट्स, शामिल रहे।

## स्वस्थ्य शिविर में कराया बीपी व शुगर का जांच

# खाद्य मंत्री ने कुपोषण दूर करने बांटा खिचड़ी टिफिन व अंडा



- संवाददाता-

**अम्बिकापुर 15 जनवरी 2023।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने रविवार को मैनपाट भ्रमण के दौरान कमलेश्वर स्थित वन विभाग के विश्राम गृह परिसर में आयोजित आयुष निःशुल्क स्वस्थ्य शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत पोषण तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत 10 कुपोषित बच्चे व एक हाई रिस्क गर्भवती महिला को कुपोषण दूर करने खिचड़ी टिफिन व अंडा वितरित किया। स्वस्थ्य शिविर में खाद्य मंत्री ने अपना बीपी और शुगर लेवल की भी जांच कराई। मंत्री श्री भगत ने कहा कि आयुष विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित शिविर में दूर-दराज से आए हुए लोगां को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिविर में जितने लोग आए हैं उन सबका जांच व ईलाज करें कोई न छूटे। किसी को उच्च ईलाज की जरूरत हो तो उसे रिफर भी करें। कुपोषण दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में खिचड़ी व अंडा दिया जा रहा है। यह बहुत अच्छा पौष्टिक आहार है इसे लेने में पीछे न रहे हितग्राही।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर से लोगों को फायदा होगा। शिविर में आये सभी लोगां का जांच व ईलाज करें। उन्होंने कहा कि पोषण तुंहर द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत कुपोषित बच्चे को 150 ग्राम तथा महिला को 250 ग्राम खिचड़ी दिया जा रहा है। इसके साथ ही अंडा भी ढिया जा रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष अटल बिहारी यादव, छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के सदस्य बदरुदीन इराकी, जिला पंचायत सीईओ विष्वदीप, जिला पंचायत सदस्य श्री सुनील बखला, बलराम यादव, दूधनाथ यादव, गणेश सोनी, तिलक बेहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

CMYK

# क्या एमसीबी जिले में भाजपा अनिल को जिलाध्यक्ष बनाकर गलती तो नही कर गई,नगरी निकाय के उपचुनाव में मिली हार ?

## भाजपा ने नेशनल हाईवे पुल पेंटिंग मामले में घेराव कर दी थी चेतावनी पर प्रशासन ने नहीं की कोई पहल फिर भी भाजपाई शांत क्यों?

- » क्या इस समय एमसीबी जिले में भाजपाई व कांग्रेसी दोनों निभा रहे भाईचारा ?
- » भाजपा ने जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा,क्या जिम्मेदारी के बोझ से कंधा झुक तो ऐसे में कैसे फतह करेंगे 2023 ?
- » क्या कांग्रेस से गठबंधन कर चल रही एमसीबी जिले की नई भाजपा टीम ?
- » क्या उन्हीं को दिया जा रहा है अवसर,जो नेता जी के सामने नहीं उठा पाते सर ?

- रवि सिंह-

**मनेन्द्रगढ़ 15 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** एमसीबी नया जिला बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने बिना देर किए 2023 विधानसभा को देखते हुए तत्काल वहां पर नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया और नई टीम तैयार कराई, जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पहला उपचुनाव हुआ उसमें भी वह जीत दर्ज करने में असफल रहे, विपक्ष की भूमिका में भी वह बाकी जिला अध्यक्षों की तरह नहीं देख रहे जबकि सत्ता पक्ष का अंतिम दौर चल रहा है, जिलाध्यक्ष के कार्यों को लेकर भी अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में असंतोष देखा जा रहा है मनेंद्रगढ़ में नेशनल हाईवे पर स्थित पुल के वॉल पेंटिंग को लेकर इतना बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ इस मामले में भी भाजपा के जिला अध्यक्ष ना जाने क्यों मौन रहे? जिसे प्रशासन ने भी गलत ठहराया था ऐसा लग रहा था कि वह कांग्रेस के नेताओं के हितेषी बन गए हैं और इस मामले में कुछ भी बोलना नहीं चाहते, इसी मामले में भाजपा ने पुल की वॉल पेंटिंग को पूर्व की तरह यथावत करने के लिए प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा धरने के चेतावनी के बाद भी प्रशासन ने नेशनल हाईवे पर स्थित पुल पेंटिंग को फिर से यथावत नहीं करा पाई, अभी तक कांग्रेस द्वारा लिखा है स्लोगन अभी भी भाजपाइयों को चिढ़ा रहे, पर भाजपाई उस मामले में शांति बना लिए हैं ऐसा लग रहा है कि कोई विरोध हुआ ही नहीं था और जो कांग्रेसियों ने किया था वह भी सही था। जिस प्रकार से नए जिलाध्यक्ष को बने तकरीबन महीनो होने को है पर अभी तक उन्होंने अपना ऐसा कोई भी विपक्षी होने का कर्तव्य नहीं निभाया जिससे कि सत्तापक्ष बैक फुट पर खड़ी रहे।

### क्या एमसीबी में भाजपाई अपनी हार की जिम्मेदारी लेंगे?

अनुशासन व संगठन की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी को एमसीबी जिले के गठन के बाद पहली बार हुए निकाय चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना, बड़ी हार के बावजूद अभी तक संगठन की ओर से किसी ने इस हर की जिम्मेदारी नहीं ली है, इससे समझा जा सकता है की पार्टी में किस तरह के लोग कब्जा जमाए बैठे हैं। बीते 9 सितंबर को छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरिया जिले से अलग कर नए मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर जिले का शुभारंभ किया था, नया जिला बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा नये जिले की कमान अनिल केसरवानी को सौंपी गई, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोचा था पार्टी की कमान एक अनुभवी नेता को सौंपी गई है इसका लाभ जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलेगा, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद जिस तरह से पुराने और सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की उसे साफ हो गया की भाजपा जिला अध्यक्ष को पार्टी से कोई लेना देना नहीं है।





### संगठन को मजबूत बना रहे या कमजोर?

कुछ लोगों को छोड़कर ऐसे लोगों को जोड़ लिया गया जिन्हे आज तक जिला मुख्यालय के कार्यकर्ताओं ने कभी किसी कार्यक्रम में ही नहीं देखा था, वही लंबे समय से पार्टी के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं को इस तरह दरकिनार कर दिया गया जैसे पार्टी अब किसी की जागीर हो गई हो, इतना ही नहीं लोगों को तब और आश्चर्य हुआ जब भारतीय जनता महिला मोर्चा के जिला की कमान एक ऐसी महिला को सौंप दी गई जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन आने वाले खर्चों को मैनेज करने के लिए, क्या भाजपा जिलाध्यक्ष में सोची-समझी रणनीति के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा की पत्नी प्रतिमा पटवा को इस उम्मीद से महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष बना दिया की प्रतिमा को जिला अध्यक्ष बनाने से धर्मेंद्र पार्टी के पूरे खर्चा उठाते रहेंगे?

### वॉल पेंटिंग को लेकर हुए विरोध में भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी का मौन रहना भी लोगों को हैरत में डाल रहा

अभी कुछ दिनों पूर्व वॉल पेंटिंग को लेकर हुए विवाद में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी काम मौन रहना भी लोगों को हैरत में डाल रहा है, जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के कुछ कार्यकर्ता सड़क पर खड़े होकर पार्टी के लिए जूझ रहे थे, उस दौरान भी भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी प्रदर्शन स्थल से नदारद थे, कांग्रेस के तथाकथित नेता खुलेआम पार्टी कार्यकर्ताओं को अपशब्दों का प्रयोग करते रहे, उन्हें देख लेने की धमकी देते रहे, लेकिन लेकिन जिलाध्यक्ष जी के मुंह मैं जैसे किसी ने ताला लगा दिया हो, उनका इस बारे में कोई बयान नहीं आया, मानो उनके मुँह में दही जम गया हो, इसे लेकर पार्टी के कार्यकर्ता काफी हैरत में रहे। कुछ दिनों के बाद वाल पेंटिंग के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मनेंद्रगढ़ द्वारा शहर के गांधी चौक में विशाल, ÷ प्रतिकार सभा %÷ का आयोजन किया गया, इस सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी नेता द्वारा की गई बदजुबानी को आम जनता के सामने रखा, मंच पर पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस पर जमकर बरसे लेकिन जिला अध्यक्ष महोदय यहां से भी नदारद रहे, इतने बड़े मसले पर जिलाधीश के किसी तरह के बयान ना आने को लोग यह मान रहे हैं कि कहीं अंदर ही अंदर जिलाध्यक्ष और कांग्रेसी नेताओं ने कोई गठबंधन तो नहीं कर लिया।

### भाजपा की करारी हार का जिम्मा लेंगे एमसीबी जिलाध्यक्ष?

मामला यहीं नहीं थमा इसके पूर्व ही निकाय में उप चुनाव की घोषणा हो चुकी थी जिसमें नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के एक वार्ड और नगर निगम चिरमिरी के 1 वार्ड में उपचुनाव होना था, यहां भी नेता जी ने जिस तरह से चुनाव प्रबंधन किया उसका परिणाम यह रहा कि नेताजी मंच पर चढ़कर बड़ी-बड़ी बात करते रह गए और जनता ने भारतीय जनता पार्टी को आईना दिखा दिया, खराब चुनाव प्रबंधन का इससे बड़ा प्रूफ क्या हो सकता है की मतगणना के दौरान मनेन्द्रगढ़ में वार्ड क्रमांक 3 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनिल कुमार चंदेल अकेले ही मतगणना कराने गए वहां से 310 मतों की करारी हार के बाद मतगणना स्थल से अकेले ही अपने घर लौटे, वहीं चिरमिरी में भी भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी, हालांकि इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अपने चहेती टीम के साथ स्वामी विवेकानंद जी के बताए हुए मार्गों पर चलने का सुझाव युवाओं को दे रहे थे लेकिन वे खुद इस पर कितना अमल करते हैंचुनाव परिणाम से साफ समझा जा सकता है, इन सब बातों को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं में काफी असंतोष है,जो कभी भी विस्फोट का रूप ले सकता है,क्योंकि माननीय जिलाध्यक्ष जी जिस तरह से जिला और मंडल की टीम में अपनी मनमानी दिखा रहे हैं उसमें कार्यकर्ताओं की उपेक्षा साफ देखी जा सकती है, मनेंद्रगढ़ -चिरमिरी -जनकपुर के कार्यकर्ताओं में काफी असंतोष है, ऐसे में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी नैया अगर मझधार में डूब जाए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी और उसके बाद नेताजी फिर अपना झोला उठाकर कहीं प्रवास पर निकल जाएंगे और पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के हाथ से एक बड़ा अवसर निकल जाएगा।

### एसडीएम को सौंप गया ज्ञापन, नहीं हुआ प्रदर्शन

एसडीएम को भारतीय जनता पार्टी द्वारा ज्ञापन सौंपा क्या पर स्थित ज्ञापन सौंपने तक ही बात रह गई उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में जाता दिख रहा है, इसके पहले भी नगरपालिका के घेराव के लिए दिया जाता है एसडीएम को ज्ञापन,तभी पीछे हट गई थी भाजपा, आखिर क्या समझे कार्यकर्ता।

---

# राजस्व मंत्री व सांसद ने निर्माणाधीन जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन का किया निरीक्षण

- संवाददाता-

**कोरबा 15 जनवरी 2023।** प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने 14 जनवरी को निर्माणाधीन जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि राजीव भवन का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और बाकी बचे कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा और शीघ्र ही सर्व सुविधायुक्त जिला कांग्रेस कार्यालय जिले को मिलेगा द्ध सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि पूरे प्रदेश में कोरबा का कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन अपने आप में भव्य होगा और इस भवन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। डी.डी.एम. स्कूल के सामने टी. पी. नगर में भव्य राजीव भवन का निर्माण हो रहा है। उक्त भवन के पूरा हो जाने के बाद एक विशाल परिसर में कांग्रेस संगठन की गतिविधियां संचालित होंगी और यहॉ बैठक भी सुचारू रूप से संचालित होने के लिए विशाल परिसर उपलब्ध होगा। निरीक्षण के दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सपना चौहान, उषा तिवारी, द्रोपती तिवारी, रूपा मिश्रा, सूरज महंत,



बंटी शर्मा, सुरेश पटैल, सुरेश कुमार अग्रवाल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

---

# देखिए साहब......! सड़क सुरक्षा सप्ताह और एनएच में बीच शहर का यह नजारा....!!

- ओंकार पाण्डेय-

**सूरजपुर 15 जनवरी 2023।** इन दिनों सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातयात सहित जिले भर की पुलिस तमाम तामझाम कर रही है ताकि लोग जागरूक हो सके पर शहर में ऐसी ऐसी गाड़ियां सरपट दौड़ रही है जो न केवल खुद के लिए खतरनाक है बल्कि दुसरो के लिए भी मुसीबत का सबब है।पर इन्हें जागरूक करने किसी को फुर्सत नही है।वजह साफ है कि बिन पइसा रे कुछ नही होत है।रविवार को एनएच में बीच सड़क ऐसा हादसा हुआ जिससे लोग बाल बाल बच गए। जरूरत से ज्यादा बांस लेकर जा रहा ट्रेक्टर की रस्सी खुली हुई थी और वह छोटा हाथी के केबिन में फंस गया।फिर क्या था धड़ धड़ा कर पूरा बांस जमीन पर लड़ी की तरह गिरने लगा। गनीमत रही कि इसकी चपेट में कोई नही आया अन्यथा बड़ा



हादसा हो जाता पर पूरा बांस सड़क पर गिरने से घण्टो जाम की स्थिति बन गई।सवाल सिर्फ इस हादसे का नही है। रोज ऐसी गाड़ियां सड़क पर दौड़ रही है।सड़क पर ऑटो जरूरत से ज्यादा सवारियां बैठा कर दौड़ रहे है जहाँ मन वहां खड़ी कर लोगो के सामने मुसीबत खड़ी कर रहे है इन पर पुलिस का ध्यान क्यों नही जाता।अपने ही नियम को पुलिस भूल गई है।जिससे आटो के दर ,खड़ी करने की जगह ,मोबाइल नम्बर आदि के नियम बनाये थे।इस ओर ध्यान देते तो तामझाम की जरूरत नही पड़ती पर खर्चे कैसे दिखाए...?

---



# ग्राम नोनबिर्रा थाना बांकीमोंगरा में चलाया गया जागरूकता अभियान

- संवाददाता-

**कोरबा 15 जनवरी 2023।** कोरबा के ग्राम नोनबिर्रा में मनरेगा कार्यक्रम में नशे से दूर रहकर नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करने हेतु किया गया अपील द्ध पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देश पर कोरबा जिले में अवैध नशे के विरुद्ध निजात अभियान संचालित किया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी बांकीमोंगरा द्वारा ग्राम नोनबिर्रा में मनरेगा कार्यक्रम में लोगों को अवैध नशे से होने वाले वाले नुकसान के बारे में बताकर नशा मुक्त समाज एवं परिवार बनाने की अपील की गई द्ध लोगो से अपील किया गया की स्वयं भी नशे से दूर रहना है ,अपने परिवार व आसपास कोई नशा करता हो तो उसको नशे के नुकसान के बारे में बता कर नशा छोड़ने हेतु प्रेरित करना है , तथा सामान्य कानून की जानकारी , गुड टच बैड टच , आपातकालीन परिस्थितियों में आत्मरक्षा के तरीके , अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी, यातायात नियमों का पालन करने सहित विभिन्न कानूनी जानकारियां दी गई ।

---

# सूरजपुर में सदभावना क्रिकेट मैच का आयोजन

## पुलिस प्रशासन व पत्रकार की टीम ने मैच खेलकर दिया यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश



- संवाददाता-

**सूरजपुर 15 जनवरी 2023।** 33वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवे दिन रविवार को पुलिस लाईन सूरजपुर के खेल मैदान में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन व पत्रकार के बीच सदभावना क्रिकेट मैच हुआ। आहूत सद्भावना क्रिकेट मैच में पत्रकार इलेवन व पुलिस इलेवन की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीत कर पहले बैटिंग के लिए उतरी पत्रकार इलेवन की टीम 12 ओवर में शानदार खेल का प्रदर्शन कर 31 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस इलेवन की टीम ने 36 रन बनाया। प्रतियोगिता के विजेता एवं उप विजेता टीम को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर सम्मानित कर पुरस्कृत किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने मैच के पूर्व पत्रकार व पुलिस दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर यह सदभावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्धेश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं हमारे जीवन में यातायात के नियम क्यों जरूरी है उसका संदेश देना था।

सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूकता का संदेश देने के लिए आयोजित सदभावना क्रिकेट मैच में पत्रकार व पुलिस की टीम ने खेल का भरपूर आनंद लिया और दौडते-भागते समय के बीच कुछ पल खेल एवं अपने लिए निकाला। इस दौरान पत्रकार इलेवन के कप्तान ओ.पी.तिवारी, पुलिस इलेवन के कप्तान एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, पत्रकार सुशील अग्रवाल, नरेन्द्र जैन, अजय गुप्ता, अनवर खान, मुकेश गर्ग, डॉ. पी.एन.सिंह, सुशील सिंह, नौशाद अहमद, दिलशाद अहमद, मुकीद खान (जानी), शमरोज खान, विष्णु कसेरा, नितेश गुप्ता, अमीर खान, हासिम खान, अरमान मंसूरी, सुभाष गुप्ता, अंकित सोनी, राकेश जायसवाल, अफजल, इमाम हसन, आकाश गुप्ता, विरेन्द्र सिंह, रामजी साहू, आशीष साहू, अनूप जायसवाल, संस्कार अग्रवाल, महेन्द्र देवांगन, थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, एसआई संतोष सिंह, एएसआई हीरालाल साहू, वरिष्ठ नागरिक रामबिलास मित्तल सहित कई पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व सांसद ज्योत्सना महंत के उपस्थिति में महापौर क्रिकेट कप स्पर्धा का हुआ शुभारंभ



- संवाददाता-

**कोरबा 15 जनवरी 2023।**कोरबा के ओपन ऑडिटोरियम घंटाघर में आयोजित महापौर क्रिकेट कप स्पर्धा का राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व सांसद ज्योत्सना महंत ने शुभारंभ किया। राजस्व मंत्री ने कहा कि खेल सुविधाओं को लेकर अनेक काम हुए हैं। प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। निगम के 23 साल के इतिहास में इस तरह का यह पहला आयोजन है। इंदिरा स्टेडियम मैदान अपने समय का प्रदेश में पहला विशाल स्टेडियम था। समय के साथ यहां अब विभिन्न खेलों की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद, विशिष्ट अतिथि निगम के सभापति श्यामसुंदर सोनी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, प्रेस क्लब के संरक्षक कमलेश यादव, डॉ. जयपाल सिंह, सुरेश अग्रवाल, कुसुम द्विवेदी, एमआईसी सदस्य संतोष राठौर, अमरजीत सिंह सहित अन्य एमआईसी सदस्य, वार्डो के पार्षद व एल्डरमैन रहे। सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि हार-जीत से ऊपर खेल भावना को रखें। यह एक बेहतर खिलाड़ी की निशानी है। हर खिलाड़ी अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन करता है, यह बहुत ही अच्छा आयोजन है। इस आयोजन से युवाओं में छुपी प्रतिभा को आगे लाया जा सकता है। यहां बताना होगा कि महापौर क्रिकेट प्रतियोगिता में 80 टीमें हिस्सा ले रही है। 67 वार्ड पार्षदों की 67 टीमें, एल्डरमैन की 12 टीमें व कमिश्नर इलेवन टीम भी शामिल है। कौन सी वार्ड की टीम किस वार्ड से खेलेगी इसके लिए 4 पूल बनाए गए हैं। लाटरी से सभी 80 टीमों को इन 4 पूलों में विभाजित किया गया है।

---

# 21 जनवरी को अम्बिकापुर मे जनजातीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर भाजपा की हुई बैठक




- संवाददाता-

**सूरजपुर 15 जनवरी 2023।** जिला भाजपा के जिला पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्ष व प्रभारियों की बैठक डेडरी मे भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, जिला सह प्रभारी संजय अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, रामकृपाल साहू,प्रबोध मिंज,गौरीशंकर अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति मे संपन्न हुई। जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने सभी मतदान केन्द्रों पर अनिवार्य रूप से संगठन द्वारा तय 24 बिन्दु कार्यक्रम के क्रियान्वयन की बात कही ।उन्होंने मंडल व शक्तिकेन्द्रों की नियमित बैठक व मतदान केंद्र पर मन की बात कार्यक्रम व बूथ समितियों के बैठक की आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने आगामी 21जनवरी को संभाग मुख्यालय अंबिकापुर मे विशाल जनजातीय सम्मेलन आयोजन के तैयारियों पर चर्चा करते हुए जवाबदारी सौपी। उन्होंने आगामी27 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या पर देखने व सुनने के व्यापक प्रचार प्रसार की बात कही।बैठक को वरिष्ठ भाजपा नेता भीमसेन अग्रवाल, प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े,रामकृपाल साहू,प्रबोध मिज गौरीशंकर अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश महलवाला, मुरली सोनी ,पुष्पा सिंह, लाल संतोष सिंह, थलेश्वर साहू,भूलन सिंह, महेश्वर पैकरा ,अनूप सिन्हा, श्यामा पाण्डेय, अशोक सिंह, संदीप अग्रवाल, गीता जायसवाल, शशि तिवारी, मुकेश गर्ग,शशि कांत गर्ग,राजेश्वर तिवारी, दीपेंद्र चौहान, अजय श्याम, सत्यनारायण जायसवाल, दुर्गा शंकर जायसवाल,, अमीर चंद,कौशल सिंह, रविंद्र भारती, कपिल पाण्डेय, सुनील गुप्ता, लक्ष्मी राजवाड़े, मोहिनी झा,सुरेन्द्र राजवाड़े, सतवीर सिंह, अक्षय तिवारी, शीतल गुप्ता, राजेश तिवारी, मार्तंड साहू,लीलू गुप्ता, जयप्रकाश, राजकुमार गुप्ता, देवधन बिझिया, जगमोहन ,सुभाष राजवाड़े,त्रिभुवन सिंह शशि सिंह, अरूण राजवाड़े,रामानंद जायसवाल ,संध्या सिंह, रुकमणी, अम्बिका राजवाड़े, तिलविक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या मे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पाकिस्तानी के बलूचिस्तान में सिलेंडर फटने से 6 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गयी है। पाकिस्तान के एक समाचार चैनल 'एआरवाई' ने बताया कि बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए परिवार ने हीटर चालू करने की कोशिश की, तभी गैस के रिसाव के कारण विस्फोट हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, शवों को अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। पाकिस्तान के डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी क्वेटा सहित बलूचिस्तान के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, वहीं कुछ इलाकों में पारा शून्य से 10 डिग्री से 15 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है।

## महिला ने काटा पति का पेनिस आंखों में चाकू घोंप कर दी हत्या

ब्यूनस आयर्स। एक महिला ने चाकू से अपने पति पर हमला किया और बेहद क्रूर तरीके से उसकी हत्या कर दी। पति का क्षत-विक्षत शव अर्जेंटीना में उनके अपार्टमेंट से बरामद किया गया है। फ्लोरेंसिया अमादा कट्टानियो नाम की महिला पर अपने पति पेड्रो ज़राटे का पेनिस काटने और आंखों में चाकू घोंपकर हत्या करने का आरोप है। महिला को एक अस्पताल के मनोरोग वार्ड में भर्ती कराया गया है और जांच की जा रही है कि क्या वह मनोरोगी है। ज़राटे का शव सबसे पहले कट्टानियों की बहन को मिला था। कट्टानियो की बहन ने सबसे पहले ज़राटे के शव को देखा था। वह लगातार उन्हें फोन कर रही थी लेकिन सामने से कोई जवाब नहीं मिल रहा था। बहन ने दावा किया कि रविवार को कट्टानियो खून से लथपथ हालत में अपनी मां के घर पहुंची थी। यह देखकर वह डर गई और आनन-फानन में उनके अपार्टमेंट की ओर भागी। मंगलवार को ज़राटे का शव बरामद हुआ। ज़राटे का फेसबुक बताता है कि वह एक एक्टर था और एक लोकल रेगे बैंड से जुड़ा हुआ था। दोनों का एक पांच साल का बच्चा है। फिलहाल महिला को मनोरोग मूल्यांकन के लिए भेज दिया गया है। ज़राटे का शव अल्टोस डी सैन लोरेंजो में कपल के फ्लैट में पाया गया है। लाश का प्राइवेट पार्ट कटा हुआ था और उसकी आंख में चाकू घुसा हुआ था। कट्टानियो की बहन ने स्थानीय मीडिया को बताया कि आरोपी महिला को 11 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। वह खून से लथपथ हालत में टैक्सी से अपनी मां के घर पहुंची थी। कट्टानियो की बहन ने जब लाश देखी तो उसके पूरे शरीर पर चाकू के घाव थे और वह खून से पूरी तरह सनी हुई थी। कट्टानियो को ला प्लाटा के एक मेडिकल सेंटर के मनोरोग वार्ड में भर्ती कराया गया है जहां उसका टेस्ट किया जाएगा। जांचकर्ताओं और प्रॉसेक्यूटर्स का कहना है कि अगर वह मानसिक रूप से बीमार पाई गई तो उसके खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। पड़ोसियों के हवाले से खबरों में बताया गया कि दोनों एक दशक से अधिक समय से साथ रह रहे थे और 2017 में उनकी शादी हुई थी।

## अदालत ने पत्रकार को दो दिन के लिए एफआईए की हिरासत में भेजा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के व्यक्तिगत कर की जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार वरिष्ठ पत्रकार को दो दिन की संघीय जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया है। पत्रकार शाहीद असलम को संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने लाहौर से गिरफ्तार किया और उन्हें इस्लामाबाद की अदालत में पेश किया गया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने असलम को दो दिनों के लिए एफआईए की हिरासत में भेज दिया। अदालत में असलम ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि उन्होंने कुछ भी गलत किया है। उन्होंने कहा कि वह एक पेशेवर पत्रकार के रूप में लंबे समय से संघीय राजस्व ब्यूरो (एफबीआर) को कवर कर रहे हैं। वेबसाइट ने एक लेख में पिछले साल नवंबर में तत्कालीन सेना प्रमुख और उनके परिवार पर गत छह वर्षों में 12.7 अरब रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। बाजवा पिछले साल 29 नवंबर को सेना से रिटायर हो चुके हैं।

## भारतीय मूल के छात्र को उन्नत जल शोधन में अनुसंधान के लिए फेलोशिप मिली

वाशिंगटन। भारतीय मूल के एक अमेरिकी पीएचडी छात्र को वैकल्पिक जल आपूर्ति के उन्नत शोधन के क्षेत्र में अत्याधुनिक एवं नवीन अनुसंधान के लिए 'अमेरिकन मेमब्रेन टेक्नोलॉजी एसोसिएशन' (एएमटीए) और 'यूएस ब्यूरो ऑफ रिक्लेमेशन' से एक फेलोशिप मिली है। एएमटीए ने एक बयान में कहा कि रासायनिक इंजीनियरिंग के पीएचडी छात्र और मिशिगन विश्वविद्यालय में ग्रैजुएट रिसर्च असिस्टेंट हर्ष पटेल 11,750 डॉलर की फेलोशिप पाने वाले चार व्यक्तियों में शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि मेमब्रेन प्रौद्योगिकी में नवाचार से अपशिष्ट जल और समुद्री जल के उन्नत शोधन के पर्यावरणीय असर, लागत और ऊर्जा को कम करने में मदद मिलेगी जिससे शुष्क इलाकों में स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती जल आपूर्ति हो सकेगी। पटेल ने कहा, ''मैं यह सम्मान पाकर बहुत खुश हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि इस क्षेत्र में सफल कार्य का पानी की किल्लत जैसी वैश्विक समस्याओं पर सीधा असर पड़ेगा।'' पटेल ने 2021 में जॉर्जिया प्रौद्योगिकी संस्थान से रासायनिक और जैवकीय इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री ली थी और वह अभी मिशिगन की कामचेव लैब से जुड़ेहैं जिसका मकसद जल शोधन और ऊर्जा उत्पादन के लिए अगली पीढ़ी की पॉलीमरिक सामग्री विकसित करना है।

## इजराइली बलों के हमले में दो फलस्तीनियों की मौत

वेस्ट बैंक में शनिवार तड़के इजराइली बलों के हमले में दो फलस्तीनी मारे गए, जबकि करीब दो सप्ताह पहले एक इजराइली सैन्य हमले में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि जाबा गांव में उसके जवानों के पास से गुजर रहे एक वाहन में सवार बंदूकधारियों ने उन पर हमला किया, जिसके बाद जवानों ने गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि जवानों ने बाद में वाहन से एम-16 राइफल भी बरामद की। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतकों की पहचान एज्जेद्दीन हमामराह (24) और अमजद खलेलेयाह (23) के रूप में की है। मंत्रालय ने बताया कि दो जनवरी को हुए हमले में घायल समेरअल-जाबरी (19) की भी मौत हो गई। इजराइली सैन्य बलों ने दो फलस्तीनी बंदूकधारियों के घरों को ध्वस्त करने के लिए कफर दान गांव पर हमला किया था, जिसमें एक बंदूकधारी समेत दो फलस्तीनी मारे गए थे और अल जाबरी घायल हो गया था। इन दो फलस्तीनी बंदूकधारियों ने पिछले साल सितंबर में मुठभेड़ के दौरान एक इजराइली सैनिक को गोली मारी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इजराइल के एक मानवाधिकार समूह ने कहा कि 2022 में वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इजराइल की गोलीबारी में लगभग 150 फलस्तीनी मारे गए, जो 2004 के बाद से फलस्तीनी मृतकों की सर्वाधिक संख्या है।

## बलात्कार का आरोप लगाने वाली पत्रकार का ट्रंप ने किया अपमान

वाशिंगटन। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली महिला पत्रकार के मुकदमे पर ट्रंप ने सवाल उठाया है। स्तंभकार ई. जीन कैरोल द्वारा दायर मुकदमे में एक अदालत द्वारा शुक्रवार को जारी ट्रंप की गवाही के अंशों में महिला पत्रकार के खिलाफ अपमानजनक शब्द और मुकदमा करने की धमकी शामिल है। जीन कैरोल द्वारा दायर मुकदमे में अक्टूबर में दर्ज ट्रंप के बयान के अंश सार्वजनिक रूप से जारी किए गए हैं क्योंकि एक संघीय न्यायाधीश ने इसे सीलबंद रखने के ट्रंप के वकीलों के अनुरोध को खारिज कर दिया था। ट्रंप के बयान के अनुसार, ''महिला ने कहा कि मैंने उसके साथ कुछ ऐसा किया जो कभी नहीं हुआ। ऐसा कुछ नहीं हुआ था। मैं इस महिला के बारे में कुछ नहीं जानता।''



वेटिकन में पोप फ्रांसिस कार्डनल जॉर्ज पैल की अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

## यूरोप में स्वीडन में पाया गया अर्थ मेटल का सबसे बड़ा भंडार खत्म होगी चीन की दावेदारी

स्टॉकहोम। यूरोप में दुर्लभ अर्थ मेटल का सबसे भंडार स्वीडन में पाया गया है। यहां पाई जाने वाली धातुओं से टर्बाइन से लेकर स्मार्टफोन तक सब कुछ बनाया जा सकता है। अगर इस भंडार को प्राकृतिक खजाना कहा जाए तो गलत नहीं होगा। भंडार करीब 10 लाख टन से अधिक का है। इसकी खोज सरकारी खनन कंपनी एलकेएबी ने स्टॉकहोम से उत्तर में करीब 1000 किमी दूर की है। ये धातुएं चीन से यूरोप के निर्यात को कम करने में बेहद अहम भूमिका निभा सकती हैं। यूरोपीय संघ इस्तेमाल की जाने वाले दुर्लभ अर्थ मेटल का करीब 98 फीसदी चीन से आयात करता है। यूरोपियम सेरियम नियोडिमियम प्रेसियोडीमियम और डिस्प्रोसियम जैसे रेयर अर्थ मेटल के कई तरह के उपयोग हैं। इनमें से कुछ औद्योगिक इस्तेमाल के लिए मैग्नेट बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। जबकि अन्य का उपयोग ऑप्टिकल लेंस और ग्लास पॉलिशिंग के लिए क्या जाता है। स्वीडन में पाया गया अधिकांश भंडार लौह अयस्क हैं। स्वीडन यूरोपीय संघ में लौह अयस्क के उत्पादन का करीब 90 फीसदी हिस्सा है। यह खोज बहुत बड़ी है लेकिन साइट पर खनन शुरू होने में कम से कम 10 साल लगेंगे। रेयर अर्थ मेटल को निकालना न सिर्फ बेहद मुश्किल है बल्कि पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। इसलिए इसकी मंजूरी मिलना एक लंबी प्रक्रिया है। ऑब्जर्वर्स को उम्मीद है कि 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ने के साथ-साथ रेयर अर्थ मेटल की मांग पांच गुना बढ़ जाएगी।

# अमेरिकी सांसद ने की आव्रजन में सुधार की पैरवी कहा भारतीय सबसे बेहतर नागरिक छह फीसदी चुकाते हैं कर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** एक रिपब्लिकन सांसद ने आव्रजन में सुधारों की पैरवी करते हुए भारतीय प्रवासियों के योगदान का हवाला दिया और कहा कि वे अमेरिका में 6 प्रतिशत कर का भुगतान करते हैं। रिच मैककॉर्मिक ने कहा भारतीय अमेरिका में हमारे कुछ बेहतरीन नागरिकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने एशियाई भारतीयों के बारे में कहा वे लगभग 6 प्रतिशत करों का भुगतान करते हैं और शीर्ष उत्पादकों में से हैं जिनकी संख्या 4.5 मिलियन है जो 333 मिलियन की कुल अमेरिकी आबादी का 1.4 प्रतिशत है।

पिछले साल अमेरिका ने आयकर में 4.9 ट्रिलियन डॉलर का संग्रह किया और इसका 6 प्रतिशत 294 अरब डॉलर होगा। 119000 डॉलर की औसत घरेलू आय के साथ जातीय समूहों में एशियाई भारतीयों की आय सबसे अधिक है। भारतीयों के पास उच्चतम शिक्षा है। उनमें से 43 प्रतिशत स्नातकोत्तर शिक्षा हासिल कर चुके हैं। उन्होंने कहा एशियाई भारतीय जिनकी जॉर्जिया राज्य के अटलांटा क्षेत्र में संख्या 137000 है समस्याएं पैदा नहीं करते हैं और कानूनों का पालन करते हैं।



आपातकालीन चिकित्सा में विशेषज्ञता वाले डॉक्टर मैककॉर्मिक ने कहा कि जब वे आपातकालीन कक्ष में ओवरडोज के लिए आते हैं तो उन्हें अन्य लोगों की समस्या नहीं होती है क्योंकि ये सबसे अधिक उत्पादक और परिवार-केंद्रित होते हैं। मैककॉर्मिक एक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं जो अटलांटा के उपनगरों को शामिल करके बना है। एक ऐसा क्षेत्र जिसने हाल के वर्षों में एशियाई भारतीयों की आमद देखी है जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के विकास से प्रेरित है।

भारतीयों के लिए स्थाई निवासी की स्थिति की लंबी प्रतीक्षा के साथ उनके लिए अधिक ग्रीन कार्ड उपलब्ध कराने का कानून पिछले कांग्रेस सत्र में समाप्त हो गया। कानून जिसमें दोनों पक्षों के सदस्यों और राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन का समर्थन था कुछ अपवादों के साथ प्रत्येक देश के लिए 20000 ग्रीन कार्ड की सीमा को समाप्त कर दिया गया। मौजूदा सत्र में इस मामले के फिर से उठाए जाने की उम्मीद है। परिवार के सदस्यों सहित कुल 700000 के लिए 369000 भारतीय अपने रोजगार के आधार पर ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विदेश विभाग के अनुसार अक्टूबर 2011 तक अधिकांश भारतीयों के लिए किए गए रोजगार पर आधारित ग्रीन कार्ड आवेदनों को ही मंजूरी दी गई है।

केटो इंस्टीट्यूट ने चेतावनी दी कि भारतीयों के लिए प्रतीक्षा 90 साल तक बढ़ सकती है क्योंकि अधिक भारतीय विशेष रूप से अस्थायी कार्य वीजा पर पाइपलाइन में शामिल होते हैं। मैककॉर्मिक एक पूर्व समुद्री हेलीकॉप्टर पायलट और एक नौसेना कमांडर हैं जिन्होंने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों के साथ डॉक्टर के रूप में काम किया था। उन्होंने 2022 के चुनाव में खुद को बाहरी बताया था और डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रतिद्वंद्वी बॉब क्रिश्चियन को हराने के लिए 62.2 प्रतिशत वोट हासिल किए। इससे पहले निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार का चयन करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के प्राथमिक चुनाव में उन्होंने जेक इवांस को हराया था जिसे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन प्राप्त था।

## इजरायल में नेतन्याहू के विरोध में उतरे 80 हजार लोग

### -सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने की कोशिशों का विरोध; पुतिन से कर रहे तुलना

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायल में हजारों लोग पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ सड़कों पर उतर गए हैं। वे सरकार की सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने की कोशिशों का विरोध कर रहे हैं। दरअसल इजरायल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर एक प्रस्ताव जारी किया है। इस प्रस्ताव के पास होने पर इजरायल की संसद को सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का पलटने का अधिकार मिल जाएगा। संसद में जिसके पास भी बहुमत होगा वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट सकेगा।

लोगों का मानना है कि इससे देश का लोकतंत्र और सुप्रीम कोर्ट कमजोर होगा। भ्रष्टाचार बढ़ेगा और अल्पसंख्यकों के अधिकारों में कमी आएगी इसलिए वे इकट्ठे होकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। वे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की तुलना रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से कर रहे हैं। इजरायल के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एस्थर हयात मुख्य विपक्षी नेता और अर्टानी जनरल ने भी सरकार की इस योजना का विरोध किया है।

**80 हजार लोग सड़कों पर उतरे**

कल रात को भारी बारिश के बावजूद तेल अवीव के हबीमा क्वायर 80 हजार से ज्यादा लोगों ने सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किए। यरूशलेम में पीएम आवास के बाहर और हाफिया में भी लोग सड़कों पर उतरे। लोगों ने सरकार के खिलाफ 'क्रिमिनल गवर्नमेंट' और 'दी एंड ऑफ डेमोक्रेसी' जैसे नारे लगाए। तेल अवीव में एक जगह प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने पुलिस से सड़क रोकने और फिलिस्तीनी झंडे लहराने वाले प्रदर्शनकारियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा है।

## 10 देशों में समलैंगिक संबंध है अपराध

### -इन देशों में मिलती है सजा-ए-मौत

**लंदन (एजेंसी)।** भारत में समलैंगिक विवाह को लेकर सुनवाई चल रही है जिसमें हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय लिया है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ही सुनवाई करेगा। एलजीबीटी समुदाय का मोटो है- हर तरह का प्यार प्यार ही होता है। इस बात को दुनिया के कुछ देश तो समझते हैं इसलिए उन्होंने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान लिया है पर कुछ देश ऐसे भी हैं जो इस बात को नहीं समझते और आज भी वहां समलैंगिक विवाह गैरकानूनी है। ऐसे में आज हम आपको उन 10 देशों के बारे में बताने जा रहे हैं जहां समलैंगिक संबंध या विवाह अपराध की श्रेणी में है और ऐसा करने वालों को सीधे मौत की सजा दी जाती है।इस लिस्ट में सबसे पहला नाम है सऊदी अरब का। यहां आतंकवाद हो या समलैंगिक संबंध दोनों को कानून में एक प्रकार का यानी कैपिटल क्राइम ही माना जाता है। समलैंगिक विवाह तो यहां दूर की बात है संबंध बनाने वाले दोषियों को पहली बार पकड़े जाने पर कोड़ों से मारा जाता है और दूसरी बार वालों को मौत की सजा दे दी जाती है।अफगानिस्तान भी समलैंगिक संबंध के मामले में पूरी तरह से कट्टर रुख अपनाता है।

इस्लाम ले शरिया कानून से चलने वाले देश में समलैंगिक पुरुष या औरतें खौफ में जीती हैं। यहां तो इसे बीमारी की तरह माना जाता है। इस मामले में ऑनर किलिंग होना आम बात है। अक्सर परिवार के लोग ही अपने घर के किसी ऐसे सदस्य की जान ले लेते हैं। कानूनी तौर पर भी समलैंगिक लोगों को मौत की सजा दी जाती है। यमन के कानून के अनुसार अविवाहित गे मर्दों को पकड़े जाने पर सजा के तौर पर 100 कोड़े मारे जाते हैं या फिर 1 साल के लिए जेल भेज दिया जाता है वहीं विवाहित गे मर्दों को पत्थर से मारकर मौत की सजा सुनाई जाती है। जबकि महिलाओं को 3 साल तक की जेल की सजा दी जाती है। इरान में साल 1979 में जब इस्लामिक क्रांति हुई तब यहां समलैंगिकता को कानूनी तौर पर अपराध माना गया और मौत की सजा का प्रवाधान रख दिया गया। ब्रूनेई में भी मर्दों के बीच समलैंगिक संबंधों को जुर्म मानकर मौत की सजा का नियम कुछ ही साल पहले बनाया गया है। गुनहगारों को पत्थरों से मारा जाता है जबतक उनकी मौत ना हो जाए। हाल ही में कतर फीफा वर्ल्ड कप को होस्ट कर सुर्खियों में आ गया था। यहां भी समलैंगिक संबंध को अवैध माना जाता है और 7 साल तक की सजा का प्रवाधान है। देश के मुसलमानों को मौत की सजा भी हो सकती है।

## बाइडन के आवास पर और गोपनीय दस्तावेज मिले: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के डेलवेयर आवास से गोपनीय दस्तावेज के पांच अतिरिक्त पन्ने मिले हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि इसके साथ ही अभी तक बाइडन के आवास से करीब 24 गोपनीय दस्तावेज बरामद हो चुके हैं। ये दस्तावेज ऐसे समय मिले हैं जब कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस अधिवक्ता कार्यालय ने एक बयान जारी करके बाइडन के आवास से एक गोपनीय दस्तावेज बरामद होने की जानकारी दी थी और अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने पूर्व अमेरिकी अटॉर्नी रॉबर्ट हुर को मामले की जांच करने के लिए विशेष अधिवक्ता नियुक्त किया था। इसके साथ ही बाइडन के डेलावेयर आवास और वाशिंगटन डीसी स्थित उनके निजी कार्यालय से बरामद दस्तावेजों की कुल संख्या तकरीबन 24 हो गयी है।



बहरहाल, इन दस्तावेजों की विस्तृत जानकारियां अभी पता नहीं है लेकिन ये उस दौर के हैं जब बाइडन 2009 से 2016 तक बराक ओबामा प्रशासन में उपराष्ट्रपति थे। आमतौर पर अपना सप्ताहांत डेलावेयर के विलमिंगटन आवास पर बिताने वाले बाइडन शुक्रवार शाम को वहां पहुंचे थे। व्हाइट हाउस के विशेष अधिवक्ता रिचर्ड सॉबर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि बुधवार रात को बाइडन के गैराज से सटे एक कमरे में एक गोपनीय दस्तावेज बरामद हुआ था। सॉबर ने कहा कि बाइडन के निजी वकीलों ने सुरक्षा अनुमति न होने के कारण बुधवार शाम को एक पन्ना मिलने के बाद आगे की तलाशी रुकवा दी थी। सॉबर को शेष सामग्री बृहस्पतिवार को मिली, जब वह न्याय विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि उनके साथ मौजूद विभाग के अधिकारियों ने दस्तावेजों को 'फौरन' जब्त कर लिया। गौरतलब है कि व्हाइट हाउस दस्तावेजों के संबंध में जनता के समक्ष पारदर्शिता की कमी को लेकर आलोचना का सामना कर रहा है। व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि बाइडन गोपनीय दस्तावेज और सूचना को ''बहुत गंभीरता'' से लेते हैं और उन्हें यह नहीं मालूम कि उनके निजी आवास और निजी कार्यालय से मिले गोपनीय दस्तावेजों में क्या है। इस बीच, रिपब्लिकन पार्टी ने व्हाइट हाउस से बाइडन के घरों की आगंतुक पुस्तिका जारी करने को कहा है लेकिन व्हाइट हाउस ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया कि क्या ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## अमेरिका /जापान ने कहा कि क्वाड दूसरों की भलाई के लिए एक ताकत बनी हुई है

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका और जापान ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के बीच शुक्रवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर वे यह सुनिश्चित करेंगे कि क्वाड दूसरों की भलाई के लिए काम करने की एक ताकत बना रहे। व्हाइट हाउस में शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के बीच बैठक के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान में यह बात कही। बयान में कहा गया, ''हमारी नींव के रूप में अटूट द्विपक्षीय संबंध के साथ हम हिंद-प्रशांत तथा दुनिया के फायदे के लिए क्षेत्र में तथा उसके बाहर अन्य पक्षों के साथ भी साझेदारी करेंगे।'' इसमें कहा गया, ''ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ मिलकर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि क्वाड दूसरों की भलाई के लिए काम करने की ताकत, वैश्विक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, जलवायु, अहम और उभरती प्रौद्योगिकियों तथा समुद्री क्षेत्र की जागरूकता पर परिणाम देने समेत क्षेत्र के लिए ठोस लाभ लाने के लिए प्रतिबद्ध बना रहे।'' हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के बीच बनाए गए चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के लगभग सभी हिस्सों पर अपना दावा जताता है। ताइवान, फिलीपीन, ब्रूनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके हिस्सों पर अपना दावा जताते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं।

# क्या नेपाल प्लेन क्रैश का जिम्मेदार है चीन? खराब निकला चाइनीज कंस्ट्रक्शन, निगल गया 72 यात्रियों की जान

**बीजिंग (एजेंसी)।** काठमांडू। चीन की चीजों पर कभी आंख मूद कर भरोसा करना सबसे बड़ी मुर्खता साबित हो सकती हैं। इस बात को चाइनीज प्रोडक्ट कई बार साबित कर चुके हैं। चीन अपनी दावों की तरह ही कच्चे काम भी करता हैं। नेपाल के हाल ही में बने पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई पर रविवार एक भयानक हादसा हुआ और एक प्लेन क्रैश हो गया। इस एयपोर्ट का कंस्ट्रक्शन चीन ने हाल ही मं करवाया था। खबरों के मुताबिक पाल में पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन दो सप्ताह पहले देश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड द्वारा किया गया था और इसका निर्माण चीन की सहायता से किया गया था। इसी हवाई अड्डे पर एक विमान रविवार को उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 72 व्यक्ति सवार थे।

अन्नपूर्णा पर्वत श्रृंखला की पृष्ठभूमि में निर्मित, हवाई अड्डे का आधिकारिक उद्घाटन एक जनवरी, 2023 को किया गया था। यह महत्वपूर्ण परियोजना चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) सहयोग का हिस्सा थी। समाचार पत्र 'काठमांडू पोस्ट' के मुताबिक, नेपाल सरकार ने हवाई अड्डे के निर्माण के लिए मार्च 2016 में चीन के साथ कम ब्याज दर पर 21.59 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले साल, चीन के पूर्व विदेश मंत्री वांग यी ने पोखरा क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को बालुवाटार में आयोजित एक शिष्टाचार भेंट के दौरान सौंपा था।

एक बचाव अधिकारी ने बताया कि पोखरा में रविवार को हवाई अड्डे पर उतरने के दौरान पांच भारतीयों समेत 72 लोगों को लेकर जा रहा एक नेपाली यात्री विमान रविवार को नदी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 68 लोगों की मौत हो गई। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएन) के अनुसार, यति एयरलाइंस के 9एन-एएनसी एटीआर-72 विमान ने काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पूर्वाह्न 10-33 बजे उड़ान भरी। पोखरा हवाई अड्डे पर उतरते वक्त विमान पुराने हवाई अड्डे और नए हवाई अड्डे के बीच सेती नदी के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



# जिला पंचायत में हार से संसदीय सचिव के नेतृत्व पर सवालिया निशान

» क्या कोरिया में बिखर गया कांग्रेस संगठन,अलग-थलग पड़े वरिष्ठ नेता

» चुनावी वर्ष में हार कांग्रेस के लिए चिंता का विषय

» क्या सलाहकारो ने डुबो डाली है अंबिका सिंहदेव की लुटिया




जनपद गंवाया,जिला पंचायत गंवाया और गंवाया नगर पालिका, अब क्या विधानसभा गंवाने की है बारी ?

- रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 15 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** कोरिया जिला कांग्रेस में सबकुछ ठीक नही चल रहा है, न तो संगठन काम कर पा रहा है और न ही सत्ता, दोनो मे आपसी समन्वय का जबरजस्त अभाव। जिलाध्यक्ष के बारे में तो लगता है कि वे सिर्फ स्टांप पैड का काम कर रहे हैं। तो वहीं संपन्न हुई जिला पंचायत सदस्य चुनाव में कांग्रेस की करारी हार स्थानीय विधायक और संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव के नेतृत्व पर अब सवालिया निषान लगा रहा है, कांग्रेस संगठन वास्तव में बिखरा हुआ नजर आ रहा है, जो बिखराव भाजपा में देखा जाता था इस चुनाव में उसमें एकजुटता देखने को मिली, सभी नेताओं ने आपसी समन्वय के साथ काम कर बेहतर रिजल्ट दिया, चुनाव परिणाम ने पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े को एक बार फिर से स्थापित किया है तो वहीं भयंकर गुटबाजी की भेंट चढी कांग्रेस को चुनावी वर्ष में हार महंगी पड़ने वाली है। चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए चिंता का विषय तो है ही उससे ज्यादा आपसी फूट और समन्वय की कमी से कांग्रेस एक बार फिर गर्त में चली गई है इससे इंकार नही किया जा सकता। बहुत बड़ा और गंभीर सवाल यह भी है कि क्या संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव के इर्द-गिर्द रहने वाले सलाहकारो के कारण ही उनकी लुटिया डूब रही है। वास्तव मे जिला पंचायत सदस्य का चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए परेषानी का सबब बन गया है।

### अंबिका के नेतृत्व में कांग्रेस की लगातार हार

बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है, जबसे विधायक के रूप में जनता ने श्रीमती अंबिका सिंहदेव को चुना है तबसे कांग्रेस को अधिकांश चुनाव में हार का सामना ही करना पड़ा है। उनके विजयी होने क बाद जनपद पंचायत बैकुंठपुर में भाजपा समर्थित अध्यक्ष, जिला पंचायत की चार सीटो पर हुए चुनाव में एक भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याषी का विजय न होना, जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस की हार बैकुंठपुर नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस की हार चरचा नगरपालिका उपाध्यक्ष मे भाजपा का कब्जा और इसके बाद अब जिला पंचायत के उपचुनाव में भी कांग्रेस की बुरी तरह पराजय हुई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में बैकुंठपुर नगरपालिका का चुनाव संपन्न हुआ था उसमें भी भले ही कांग्रेस समर्थित अनेक पार्षद प्रत्याषियों ने अपने बलबूते जीत हासिल की थी, वहीं महलपारा और जूनापारा ऐसे वार्ड हैं जहां पर कि स्वयं संसदीय सचिव का निवास है और यहां पर तीन पार्षद चुने गए हैं महलपारा जो कि कांग्रेस का गढ माना जाता था यहां भाजपा पार्षद की जीत हुई है इसी प्रकार जूनापारा के एक वार्ड में भाजपा पार्षद और एक वार्ड में निर्दलीय पार्षद की जीत हुई थी। सबसे हाई प्रोफाईल वार्ड क्रामंक 1 में भी अंबिका सिंहदेव के खास समर्थक रहे आषीष डबरे ने अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतारा था यहां से अंबिका सिंहदेव की प्रतिष्ठा भी दांव पर थी उन्होने सत्ता के दुरूपयोग के साथ ही चुनाव में पूरा दमखम लगाया था लेकिन चुनाव में कांग्रेस प्रत्याषी को हार का मुंह देखना पड़ा था। कुल मिलाकर बैकुंठपुर विधानसभा मे कांग्रेस की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।

### क्या राजनीति में फेल हुई संसदीय सचिव ?

स्थानीय विधायक और संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव जो कि पूर्व में राजनीति से एकदम दूर रहीं, पूर्व वित्तमंत्री स्व. डॉ.रामचंद्र सिंहदेव की इच्छा के विरूद्व वे चुनावी मैदान में उतरी थी,भाजपा के खिलाफ बने माहौल ने उन्हे अप्रत्याषित जीत दिलाई। जनता के सामने उन्होने काका स्व. डॉ रामचंद्र सिंहदेव के सपनो को पूरा करने का कसम खाया जनता ने भी उन्हे समर्थन देकर अपना प्रतिनिधि चुना था। लेकिन विधायक बनते ही क्षेत्रवासियों को जो अपना रूप दिखलाया वह किसी से छिपा नही है। भाजपाई क्या सबसे पहले उन्होने वरिष्ठ कांग्रेसियों सके लेकर कनिष्ठ सभी को किनारे करना शुरू किया। ऐसे लोगो को आश्रय दिया जो कि कुमार साहब के समय पैलेस की सीढी तक नही चढ पाते थे। वास्तविक और जनता के बीच पकड़ रखने वाले कांग्रेसियों को किनारे कर नए लोगो को सर पर बैठाया। इन चार वर्षों में ऐसे लोगो ने जमकर लूट मचाई हर वर्ग को परेशान किया। कर्मचारी से लेकर सरपंच सचिव प्रताड़ित किये गए। आमजन विधायक से मिलने को तरसने लगे। देखते ही देखते संसदीय सचिव के प्रति गहरी नाराजगी देखने को मिलने लगी इसी का हश्र इस चुनाव में देखने को मिला। कांग्रेस प्रत्याषी की सिर्फ हार नही हुई बल्कि बुरी तरह से हार हुई और दूसरे क्या तीसरे स्थान पर पहुंच गया। इस हार के बाद संसदीय सचिव की जमकर किरकिरी हो रही है तो वहीं अब उनके नेतृत्व पर पर सवालिया निषान लग गया है। कुल मिलाकर कहा जाए कि वह राजनीति के क्षेत्र में फेल हो गई हैं तो कोई अतिष्योक्ति नही होगी।

### आखिर क्यों हुई कांग्रेस प्रत्याशी की हार ?

जिला पंचायत सदस्य हेतु कांग्रेस ने संजय टोप्पो को अपना उम्मीदवार बनाया था। खुद के बलबूते उन्होने 4 हजार से अधिक मत तो पा लिया लेकिन तीसरे स्थान पर रहने के कारण अब आगामी विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के लिए राह आसान नही है यह कहा जाने लगा है। इस चुनाव को सत्ता का सेमीफाइनल कहा जा रहा था जिसमें भाजपा प्रत्याषी ने न सिर्फ जीत हासिल किया है बल्कि प्रचंड मतो से जीत कर कांग्रेस के मुंह पर तमाचा लगा दिया है कांग्रेस के रणनीतिकार इसे सहानुभूति जीत कहकर भले ही संतोष कर ले रहे हैं लेकिन चुनाव परिणाम ने जनता के मूड को स्पष्ट कर दिया है। संसदीय सचिव के प्रति गहरी नाराजगी के कारण ही कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई है यह एकदम सत्य है। आमजन आज संसदीय सचिव से एकदम दूर है,उनके प्रति आक्रोषित है और जिला विभाजन के दंष को नही भूल सके हैं। परिणाम कांग्रेस के लिए निराषाजनक तो था ही लेकिन प्रदेश में सत्ता के बावजूद तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी यह कांग्रेस के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण कहा जा सकता है। बतलाया जाता है कि चुनाव पूर्व ही संसदीय सचिव से नाराजगी के कारण कई बड़े चेहरो ने चुनाव लड़ने से भी साफ इंकार कर दिया था,लोगो को उनके नेतृत्व में चुनाव कतई रास नही आ रहा था। सबसे दिलचस्प पहलू यह भी था कि इस चुनाव में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी कभी प्रचार अभियान में दिखलाई नही दिये तो वहीं वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी दूरी पर रहे। प्रत्याषी संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव की पसंद पर तय किय गया था, पूरी रणनीति उन्होने अपने खास सिपहसलारो के साथ मिलकर बनाया था,और परिणाम सबके सामने है।

### सरपंच सचिव ने भी नही दिया साथ

कांग्रेस के इन चार वर्ष के कार्यकाल में लगभग हर वर्ग प्रताड़ित रहा, सरपंच सचिवो को भी खुब परेषान किया गया है। एक तो विकास कार्य नही और जो विकास कार्य भी हुआ उसमें जमकर बंदरबाट किया गया। सरपंच सचिव पूरे समय तनावग्रस्त थे। पंचायतो में निर्माण कार्या के लिए दबाव डालकर कांग्रेसियों ने मटेरियल सप्लाई से लेकर खुद ठेकेदारी का काम किया। पैलेस से संसदीय सचिव के खास सिपहसलारो ने सरपंच सचिवों को प्रताड़ित करने में कोई कमी नही किया,परिणाम स्वरूप इस चुनाव में सरपंच सचिव ने कांग्रेस प्रत्याशी का साथ नही दिया।

### क्या अलग-थलग पड़ी संसदीय सचिव ?

क्षेत्रीय विधायक ने अपने चार वर्ष के कार्यकाल में बड़े कांग्रेसी नेताओ के साथ ही कार्यकर्ताओ को भी नीचा दिखाने में कोई कमी नही किया है यह सर्वविदित है। कई बार सार्वजनिक स्थलो पर भी बहस बाजी की घटना हो चुकी है। संसदीय सचिव ने अपने कार्यकाल में हर छोटी बातो पर भयंकर हस्तक्षेप भी किया। भाजपाई क्या कांग्रेसी भी उनकी प्रताड़ना से काफी नाराज है,आज की स्थिति में उनके कई सिपहसलार काफी दूर है। हालात यह हो चुका है कि अब कई कांग्रेसी भी खुलकर आगामी चुनाव में उनकी हार की बात कहते फिरते हैं। बैकुंठपुर शहरी क्षेत्र भी संसदीय सचिव से खासा नाराज है। एक विधायक से जनता की इतनी दूरी होगी यह क्षेत्रीय जनता ने आज तक नही देखा। पूर्व वित्तमंत्री स्व. डॉ.रामचंद्र सिंहदेव व पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े जो कि आम जन से ही घिरे रहते थे पूरा समय जनता को देते थे लेकिन वर्तमान विधायक के कार्यकाल में स्थिति एकदम बदल गई है। जनता क्या कार्यकर्ता व नेता भी उनसे दूर हो चुके हैं। कांग्रेस संगठन के नेता किसी कार्यक्रम में नाममात्र के लिए कोरम पूरा करने के लिए उनके साथ जरूर खड़े दिखलाई दे रहे हैं,लेकिन हकीकत यह है कि अब संसदीय सचिव एकदम अलग-थलग पड़ गई हैं। न तो उनके पास जनता है और न ही कार्यकर्ता आमजन तो बहुत पहले से उनसे दूर है।

### अधिकांश कांग्रेसी चेहरे में खुशी की लहर

यह एकदम हकीकत है कि जिला पंचायत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार से जितनी खुशी भाजपाईयों को नही हुई उतनी खुशी कांग्रेसियों में ही देखने को मिली। राजनीतिक जानकारों की मानें तो कई कांग्रेसी जो कि इन दिनों संसदीय सचिव के विरोधी खेमे के माने जाते हैं उन्होने पूरे चुनाव से खुद को दूर कर रखा था, और सभी खुलकर भाजपा प्रत्याषी वंदना राजवाड़े की जीत के दावे खुद कर रहे थे। हुआ भी यही उम्मीद के मुताबिक परिणाम आया और संसदीय सचिव के विरोधी खेमे में जबरजस्त खुशी देखने को मिली। जिला पंचायत चुनाव का परिणाम आने वाले विधानसभा चुनाव में पड़ेगा इस बात से इंकार नही किया जा सकता।

### सलाहकारो ने डुबाई लुटिया

संसदीय सचिव अंबिका सिंहदेव जिनका राजनीति से दूर-दूर तक वास्ता नही था, अचानक उन्होने राजनीति के मैदान में प्रवेष किया, स्व.काका साहब के सपनो को पूरा करने का जनता को आश्वसन दिया, जनता ने भी एक मौका उन्हे दिया लेकिन वे न तो काका का सपना पूरा कर सकी और न ही आम जन के लिए काका की तरह उपलब्ध हो सकीं। आज जनता से दूरी इतनी हो चुकी है कि अब वह दूरी खत्म नही की जा सकती, और काका के सपनो को पूरा करना तो दूर की बात उनके सपनो का कोरिया विखंडित हो गया। यह बात स्थानीय जनो को नागवार गुजरा है। इस बारे में लोगो का कहना है कि संसदीय सचिव ने विधायक बनते ही ऐसे लोगो को अपने करीब रखा जो कि एकदम अपरिपक्व थे,राजनीति के साथ ही प्रशासनिक क्षेत्र का उन्हे अनुभव नही था। एक विवादित पत्रकार को अपना निज सहायक बनाया और पत्रकार ने संसदीय सचिव के आंख में धूल झोकने का भरपूर काम किया। अपने मित्र मंडली के साथ मिलकर उक्त पत्रकार ने संसदीय सचिव को दिग्भ्रमित कर उनकी राजनीति को गर्त में डाल दिया। ऐसा-ऐसा सलाह दिया कि उससे संसदीय सचिव की सिर्फ किरकिरी हुई है। उक्त पत्रकार ने मित्र मंडली के साथ मिलकर खुद के स्वार्थ में राजनीतिक पकड़ रखने वाले लोगो को भी दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहा जाता है कि राजनीतिक व्यक्ति के पास सलाहकार यदि ठीक हो तो उसे शिखर पर पहुंचा देता है यदि सलाहकार अपरिपक्व, स्वार्थी, विवादित और दिशाहीन व्यक्ति हो तो राजनीतिक व्यक्ति की राजनीति गर्त में चली जाती है इसका उदाहरण बैकुंठपुर क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। संसदीय सचिव को सलाहकारो ने पूरे चार वर्ष में क्या सलाह दिया वह उनकी वर्तमान स्थिति देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा रहा है। बहरहाल सलाहकार अब आने वाले समय में संसदीय सचिव को क्या रास्ता दिखाते हैं वह भविष्य में देखने को मिलेगा। लेकिन संसदीय सचिव की लुटिया डुबोने में वर्तमान सलाहकार व मित्र मंडली की मुख्य भूमिका है इससे इंकार नही किया जा सकता।

---

# मध्यप्रदेश प्रदेश सीमा पर लगे ग्राम गोयनी में कांग्रेस की आम सभा में सरकार व विधायक के कामो को गिनाया गया

**विधायक कमरो के निर्देश पर कांग्रेस पदाधिकारीयो का क्षेत्र में धुंआधार जनसम्पर्क जारी**

- संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर/सोनहत 15 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में जहां विधायक गुलाब कमरो का सघन दौरा लगातार जारी है वही उनके निर्देश पर अब कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी चुनावी मोड में देखे जा रहे हैं, विधायक गुलाब कमरो के निर्देश पर राज्य के अंतिम छोर पर मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित ग्राम गोयनी में कांग्रेस की आम सभा का आयोजन हुआ, इस क्षेत्र में कार्यक्रम तो बहुत हुए हैं पर पहला मौका था जब किसी पार्टी की आम सभा का आयोजन हुआ हो,किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव व विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय एवं सांसद प्रतिनिधि अनित दुबे के नेतृत्व में गाय घाट परिसर गोयनी बाजार में आम सभा कर छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधायक गुलाब कमरो के द्वारा कराए जा रहे कार्यो की जानकारी दी गई, सभा को सम्बोधित करते हुए राजन पांडे ने कहा कि पिछले 15 सालों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में यह क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित रहा आवागमन की स्थिति इतनी बदतर थी कि लोगों को यहां आने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था यदि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस क्षेत्र में 1 साल में 1 भी सड़क बनाई होती तो 15 साल में 15 सड़क बन गई होती लेकिन उन्होंने कुछ भी काम नही किया नई सरकार बनने के बाद विधायक गुलाब कमरों ने इस क्षेत्र का संज्ञान लिया और नटवाही से आनंदपुर तक घाट कटिंग सीसी सड़क और पुल पुलिया निर्माण कराया जिससे आज आवागमन पूरी तरीके से सुलभ हो गया है।आनंदपुर से दसेर का रोड बन चुका है दसेर में नया अस्पताल बन चुका है रामगढ़ क्षेत्र के नटवाही में चेरवा समाज हेतु भवन ग्राम सिंघोर में गोंड समाज के लिए भवन,उधेनी कुर्थी सलगवा में सामाजिक सामुदायिक भवन का काम जारी है सुकतरा में घाट कटिंग सलगांव खुर्द नाला एवं आमा नाला पर पुल निर्माण पूर्ण हो चुका है विधायक गुलाब कमरों जी के द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।





### किसानों के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया

राजन पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2500 के हिसाब से भुगतान दिया और वर्तमान में 2640 की दर से धान का समर्थन मूल्य भुगतान किया जा रहा है सरकार कोदो कुटकी की रागी को भी 3हजार से 33 सौ तक के समर्थन मूल्य में खरीद रही है किसानों के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### वन अधिकार और जाति प्रमाण पत्र शिविर लगा कर बनाये

विधानसभा स्तर पर जगह-जगह कैंप लगाकर के जाति प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है एवं उसका वितरण किया जा रहा है इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में वर्तमान भूपेश सरकार के द्वारा वन अधिकार पट्टा का वितरण लगातार किया जा रहा है पहले सिर्फ आदिवासियों को पट्टा मिलता था छत्तीसगढ़ सरकार में सभी जाति के लोगों को वन अधिकार पट्टा बनाया जा रहा है।

### राशन कार्ड से चावल व इलाज दोनो-प्रेम सागर

मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने एपीएल एवं बीपीएल दोनों हितग्राहियों को राशन कार्ड बनाने का काम किया है आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में राशन के लिए लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है यहां तक कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा निशुल्क चावल का वितरण बीपीएल हितग्राहियों को किया जा रहा है साथ ही राशन कार्ड के माध्यम से सरकारी एवं निजी अस्पतालों में निशुल्क इलाज की भी व्यवस्था छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा की गई है जिसमें बीपीएल हितग्राहियों को 5 लाख तक का इलाज एवं एपीएल हितग्राहियों को 50 हजार तक का निशुल्क इलाज छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा मुहैया कराया जा रहा है

### रात्रि कालीन भी वनांचलों में जारी रहा जनसम्पर्क

कांग्रेस पदाधिकारियों का जनसम्पर्क रात्रि कालीन भी जारी है वनांचल क्षेत्र आनंदपुर कुर्थी उधेनी क्षेत्र में रात्रि कालीन भी जनसपंर्क कर लोगो से भेंट मुलाकात कर लोगो की समस्याओं की जानकारी ली गई और उनका निराकरण का आश्वाशन दिया गया पूरे जनसपंर्क के दौरान राजन पाण्डेय प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस एवं विधायक प्रतिनिधि, प्रेम सागर तिवारी जिला अध्यक्ष मजदूर कांग्रेस, अनित दुबे सांसद प्रतिनिधि, पुष्पेंद्र राजवाड़े जिला उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस, लव प्रताप सिंह जिला कोषाध्यक्ष, महेंद्र सिंह लाला सरपंच ग्राम पंचायत आनंदपुर, जगनारायण सिंह, बालेश्वर सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

**रामचरित मानस गायन प्रतियोगिता का शुभारंभ**



# जिपं उपाध्यक्ष के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ

- संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 15 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा के आजोखुर्द के पटेल पारा सामुदायिक भवन के पास रामचरित मानस गान प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ कोरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष बसंती तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, रामचरित मानस गायन प्रतियोगिता में चयनित कुल 33 मंडलियों का प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, यह प्रतियोगिता सुबह 11ः00 बजे शुरू हुई और रात 11ः00 बजे खत्म होगी, इस प्रतियोगिता का निर्णय देर रात होगा, कार्यक्रम के मुख्य रूप से कोरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, ग्राम पंचायत पिपरा के सरपंच प्रताप सिंह पोर्ते, राम सजीवन साहू, रामा शंकर साहू, शुभम, राजेश साहू तिवारी, सच्चिदानंद साहू, मुकेश साहू, जूगेस साहू, किशन तिवारी, परमानंद साहू, राजकुमार साहू इत्यादि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# राज्य सरकार की योजनाओं से अध्यनरत बालिकाओं को मिल रहा है बल:डॉ विनय

**सरस्वती साईकल योजना के तहत 161 बालिकाएँ हुई लाभांवित**



- संवाददाता-

**एमसीबी/मनेंद्रगढ़ 15 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ की संवेदनशील कांग्रेस सरकार दूर-दराज से आने वाली स्कूली छात्राओं के सुविधा के लिए सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से साइकिल प्रदान करती है।

इस योजना के तहत प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे छत्तीसगढ़ के साथ मनेंद्रगढ़ विधानसभा में मनेंद्रगढ़ विधायक माननीय डॉ विनय जायसवाल के मुख्य आथित्य में आज शासकीय कन्या स्कूल मनेंद्रगढ़ के नीला ड्रेस और कत्था ड्रेस की कुल 161 छात्राओं को छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। साथ ही छात्राओं की विशेष मांग पर मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जयसवाल ने साईकिल वितरण के साथ कत्था ड्रेस स्कूल में बच्चों के अध्यन हेतु कुल 2 (दो) अतिरिक्त कक्ष की घोषणा की जो जल्द ही निर्माणधीन होंगे। श्री जायसवाल ने उपस्थित बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा की अगर आपको अपने सपने को पूर्ण करना है तो सबसे पहले आपको सुबह 4 बजे उठना होगा और वर्तमान परिवेश में बढ़ रही मोबाईल प्रथा से दूर रहना होगा जो आज के दौर में अच्छे और बुरे रास्ते की ओर ले जाता है अब इन बातों को आपको सोचना होगा की कौन सा रास्ता आप सभी को उचाईयों की तरफ ले जाता है उसको चुनना होगा। बहरहाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्ण मुरारी नपा उपाध्यक्ष मनेंद्रगढ़, कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष गुरुदेव पांडे के साथ, विधायक प्रतिनिधि बलबीर सिंह, संतोष अग्रवाल, रफीक मेमन, प्रेमलाल सिंह, राजेश सिंह, पार्षद अनिल प्रजापति, मनोनीत पार्षद अबरार अहमद, अनिल वर्मा, रवि जैन, जसपाल सिंह, मीडिया प्रभारी एबी, सिद्धिकी, रविंद्र सोनी सहित शाला के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहे। साइकिल मिलने पर सभी छात्राओं के चेहरे पर मुस्कुराहट थी सभी ने विधायक डॉ विनय जायसवाल और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया।

---

# भाजपा में बलरामपुर जिले के जिला उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल और जिला मंत्री का पद हीरामणि निकुंज को मिला



- संवाददाता-

**कुसमी 15 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के निर्देश पर भाजपा के लिये अच्छा काम करने वाले लोगो को संगठन में महत्वपूर्ण पद दिया जा रहा है, इसी तारतम्य में बलरामपुर जिले के भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जयसवाल ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है जिसमें जिले के सभी जगहों पर पदाधिकारी नियुक्त गया है ,वही कुसमी क्षेत्र से नगर पंचायत कुसमी के पार्षद आनंद जयसवाल को अब भारतीय जनता पार्टी बलरामपुर का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है ,दरसल आनंद जयसवाल ने कुसमी विकासखण्ड से अपनी राजनीति जीवन की सफर की शुरुवात की है, और इनके द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदों का दायित्व भी सम्भाल चुके हैं,जानकारी के मुताबिक युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष से लेकर संयुक्त सरगुजा में जिला मंत्री बलरामपुर में प्रथम युवा मोर्चा के जिला महामंत्री के रूप में पिछड़ा वर्ग के जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के जिला महामंत्री जैसे विभिन्न दायित्वो का निर्वहन कर चुके हैं,वही हीरामुनी निकुंज को भाजपा जिला मंत्री का पद मिला है ,हीरामुनी निकुंज आदिवासी समाज से आती है और राजनीति का सफर कुसमी क्षेत्र से शुरू किया है जनपद पंचायत कुसमी में अध्यक्ष पद का दायित्व भी सम्भाल चुकि है साथ ही वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य का पद भी सम्भाल रही है,राजनीति के क्षेत्र में भाजपा के लिये अच्छा काम करने की वजह से इन्हें जिला मंत्री का पद दिया गया है, आनंद जायसवाल और हीरामुनी निकुंज के भाजपा में अच्छे कार्य करने की वजह से संगठन ने इन पर भरोसा जताया है, ये दोनों जनता के द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधि भी है साथ ही संगठन के काम मे भी अपनी भूमिका बनाये रखते है, बहरहाल भारतीय जनता पार्टी ने आनंद जायसवाल और हीरामुनी निकुंज को एक बड़ी जिम्मेदारी दी है ,दोनो नेताओ को पद मिलने से कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों में काफी उत्साह है,

---


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर (छ0ग0)**

पत्र क्रमांक 140 व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.ख./2023
बलरामपुर, दिनांक 12.01.2023

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर अंतर्गत निम्न निविदायें अपरिहार्य कारणों से निरस्त किये जाते है।

| स.क्र. | सिस्टम क्रमांक | निविदा सूचना क्र./दिनांक | अनुमनित लागत (रू.लाख में) | जी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 109666 | 61/17.09.2022 | 97.89 | 94381 |
| 2 | 109667 | 61/17.09.2022 | 95.81 | 94381 |
| 3 | 109677 | 61/17.09.2022 | 169.13 | 94381 |
| 4 | 109692 | 61/17.09.2022 | 314.55 | 94381 |
| 5 | 109829 | 62/19.09.2022 | 172.98 | 94415 |
| 6 | 110527 | 63/26.09.2022 | 198.77 | 94415 |
| 7 | 110543 | 63/26.09.2022 | 230.00 | 94415 |
| 8 | 111985 | 68/18.10.2022 | 126.47 | 95169 |

**उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल** http://eproc.cgstate.gov.in **से डाउनलोड की जा सकती है।**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलरामपुर (छ.ग.)

जी नंबर -97569/2

# भारत ने श्रीलंका पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत





» किंग कोहली के आगे ढह गई लंका,

» गिल का स्कोर भी नहीं पार कर पाई श्रीलंकाई टीम

**कुआलालम्पुर,15 जनवरी 2023 ।** भारतीय क्रिकेट टीम ने आज ऐसा स्कोर बनाया कि श्रीलंका की पूरी टीम सिर्फ स्कोर देख कर ही धराशायी हो गई। भारत ने आज वनडे सीरीज के आखिरी मैच में 390 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम मात्र 73 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई जिसके बाद भारत ने श्रीलंका को 317 रन से हरा दिया।

भारत ने इस मामले में न्यूजीलैंड का 15 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। कीवी टीम ने 2008 में आयरलैंड को 290 रन से हराया था।मैच की शुरुआत में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था जिसके बाद रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम को अच्छी शुरुआत दी थी। रोहित शर्मा ने 49 गेंदों में 47 रन की पारी खेली और गिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 गेंदों में 116 रन जड़ दिए।

आज किंग कोहली की भी आतिशी पारी देखने को मिली। विराट ने नाबाद 166 रन की पारी खेली है। कोहली ने 110 गेंदों की पारी में 13 चौके और 8 छक्के जमाए। यह विराट के करियर का 46वां शतक है। विराट प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने सीरीज में 283 रन बनाए। इसमें दो शतक शामिल हैं।

## महिला आईपीएल टीमों के लिए आठ आईपीएल फ्रैंचाइजियों ने दिखाई रूचि

**नईदिल्ली ,15 जनवरी 2023 ।** आईपीएल की 10 फ्रैंचाइजी में से आठ ने महिला आईपीएल के लिए रूचि दिखाई है। महिला आईपीएल टीमों का स्वामित्व पाने के लिए ये फ्रैंचाइजी बोली लगाने वालों की दौड़ में शामिल हैं। हालांकि इसमें से सिर्फ पांच को सफलता मिलेगी, जिसका एेलान बीसीसीआई 25 जनवरी को करेगा। इन टीमों में मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस जैसी फ्रैंचाइजी शामिल हैं। सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ सुपर जायंट्स की स्थिति का पता नहीं चल पाया है।



इन आठ आईपीएल टीमों के अलावा अन्य भी महिला आईपीएल टीम के लिए टेंडर खरीद सकते हैं, जो तीन जनवरी से बिकना शुरू हुआ था। महिला आईपीएल टीमों के लिए बीसीसीआई ने 10 शहरों की सूची जारी की है, जिसमें से पांच शहरों का चयन होगा। महिला आईपीएल टीमों की बोली के लिए कोई आधार मूल्य नहीं रखा गया है।

हालांकि वहीं कंपनियां या फर्म बोली लगा सकते हैं, जिनका 31 मार्च 2022 तक ऑडिट मूल्य कम से कम 1000 करोड़ हो। यह बोली 10 सालों (2023 से 2032) के लिए मान्य होगी। बोर्ड की सहायता करने वाली कानूनी फर्म आर्गस पार्टनर्स के साथ बीसीसीआई बोलियों का मूल्यांकन करेगा।

अपनी बोली जमा करने से पहले सभी बोलीदाताओं को 23 जनवरी तक पात्रता डॉक्यूमेंट भी अलग से जमा करने होंगे। जानकारी के आधार पर पहले तीन सीजन (2023-25) में 22-22 मैच होंगे। महिला आईपीएल के लीग चरण में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से दो-दो बार (कुल 20 मैच) खेलेगी और तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी।

लीग में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें फाइनल खेलने वाली दूसरी टीम बनने के लिए एलिमिनेटर खेलेंगी। बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि मार्च महीना महिला आईपीएल के लिए विंडो रहेगा। 2026 सीजन से महिला आईपीएल में 33-34 मैच हो सकते हैं, लेकिन बीसीसीआई ने इस टूर्नामेंट संरचना पर कोई विवरण नहीं दिया है।

## कमिंस के लिये भारत श्रृंखला कड़ी परीक्षा होगी : बॉर्डर

**मेलबर्न ,15 जनवरी 2023 ।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर एलेन बॉर्डर पैट कमिंस की कप्तानी से काफी प्रभावित हैं लेकिन उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला उनके लिये असली कड़ी परीक्षा होगी।

आस्ट्रेलिया नौ फरवरी से जामथा में टेस्ट से श्रृंखला शुरू करेगा और उसकी निगाहें 19 साल में पहली बार भारत में श्रृंखला अपने नाम करने पर लगी होंगी।

बॉर्डर ने कहा, उनके (कमिंस) और टीम के लिये यह श्रृंखला कड़ी परीक्षा होगी।

एशेज 2021 से पहले टिम पेन के अचानक इस्तीफे से इस आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गयी और टीम तब से शानदार प्रदर्शन कर रही है।

कमिंस की कप्तानी में टीम ने एशेज श्रृंखला 4-0 से जीतने के बद पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत हासिल की। फिर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ उसकी सरजमीं पर श्रृंखला 1-1 से ड्रा करायी।

इन नतीजों से आस्ट्रेलिया अपने पहले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने का प्रबल दावेदार है। भारत के खिलाफ श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप



कैलेंडर की अंतिम श्रृंखला होगी जिसके बाद टीम एशेज में इंग्लैंड के सामने होगी जिसमें उसकी निगाहें प्रतिद्वंद्वी टीम की सरजमीं पर 2001 के बाद पहली इसे अपने नाम करने पर लगी होंगी।

बॉर्डर ने कहा, अगले 12 महीने इस टीम के लिये असली परीक्षा होंगे और विशेषकर पैट की कप्तानी के लिये क्योंकि भारत के खिलाफ श्रृंखला आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के लिये अंतिम (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के मौजूदा कैलेंडर में) होगी।

इस 67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने कहा, हमने वहां अक्सर नहीं जीतते हैं। वहां खेलना मुश्किल है और इंग्लैंड में भी ऐसा ही है। बॉर्डर ने कहा कि वह शुरू में कमिंस को टेस्ट कप्तानी की जिम्मेदारी दिये जाने के हक में नहीं थे लेकिन उसने सुनिश्चित किया है कि इससे उसकी गेंदबाजी पर असर नहीं पड़े।

उन्होंने कहा, मैं किसी तेज गेंदबाज को कप्तान नियुक्त होने के हक में नहीं था क्योंकि वह हमारा नंबर एक तेज गेंदबाज है। लेकिन उसने कई सारे लोगों को गलत साबित किया है और उसने टीम को अच्छी तरह संभाला है।

## ट्राई ने गोकुलम केरल को 2-1 से हराया



**मंजेरी ,15 जनवरी 2023 ।** टिड्डिम रोड एथलेटिक यूनियन (टीआरएयू) ने रविवार को मंजेरी के पय्यनाड स्टेडियम में गत चैंपियन गोकुलम केरल को इस प्रक्रिया में अपनी पहली घरेलू हार से बाहर करते हुए इस सीजन में आई-लीग में अपनी पहली जीत हासिल की।

शनिवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्राई के कोच लीमापोकपम नंदकुमार सिंह ने इंफाल से यहां तक की लंबी यात्रा के बारे में बात की। उनके शिष्यों ने आज दोपहर यात्रा को सार्थक बना दिया, सबसे अच्छी बात युवा तोपों का प्रदर्शन रहा।

## यामागुची ने से-यंग को हराकर अपना पहला मलेशिया ओपन खिताब जीता

**कुआलालंपुर ,15 जनवरी 2023 ।** नंबर एक वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची ने रविवार को कुआलालंपुर में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 1000 मलेशिया ओपन जीतने के लिए दूसरी वरीयता प्राप्त एन सी-यंग को हराकर एक गेम से वापसी की। यह 2020 के बाद से क्क्ष्ङ्ख्स्न वर्ल्ड टूर इवेंट्स के फाइनल में अपने छठे मुकाबले में 20 वर्षीय कोरियाई पर जापानी विश्व चैंपियन की 5वीं जीत थी। यह मलेशिया ओपन के फाइनल में उनकी पहली जीत थी। चीन ने मिश्रित युगल में शीर्ष वरीयता प्राप्त झेंग सिवेई और हुआंग याकिओंग के साथ-साथ महिला युगल में चेन किंगचेन और जिया यिफान के माध्यम से दो खिताब जीते।



## दिव्यांग लोगों के लिये बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में विशेष सुविधायें

**राउरकेला ,15 जनवरी 2023 ।** ओडिशा के राउरकेला शहर में बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दिव्यांग व्यक्तियों के लिये विशेष सुविधायें और बैठने के लिये विशेष सीटें हैं ताकि वे बिना किसी परेशानी के मैच का आनंद ले सकें। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) इसे बैठने की क्षमता के मामले में दुनिया के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम के रूप में प्रमाणित कर चुका है जिसे महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर रखा है।

ओडिशा के खेल सचिव आर विनीत कृष्णा ने कहा कि दिव्यांग हॉकी प्रशंसकों के लिये इंतजामात को और अनुकूल बनाने के लिये इस पर 'रैंप' बनाया गया है जो 'लिफ्ट' तक जाता है जिससे वे पहले तल के स्टैंड तक पहुंच सकते हैं। कृष्णा ने कहा, ''दिव्यांग व्यक्ति किसी भी गेट से स्टेडियम में प्रवेश कर सकते हैं। हमने हर ओर से उनके लिये सुविधा प्रदान की है। स्टेडियम में उनके लिये लगभग 100 सीटें आवंटित की गयी हैं

## स्पेन ने वेल्स को 5-1 से हराकर पहली जीत दर्ज की

**राउरकेला ,15 जनवरी 2023 ।** विश्व नंबर 8 स्पेन ने रविवार को यहां बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच ओडिशा हॉकी वर्ल्ड कप 2023 में मेजबान भारत के खिलाफ अपनी शुरुआती मैच में हार से उबरते हुए वेल्स को 5-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पूल डी से आगे बढ़ने की अपनी संभावनाओं को बनाए रखा। मार्क रेने (16वें मिनट, 38वें मिनट) और मार्क मिरालेस (32वें मिनट, 56वें मिनट) ने दो-दो गोल किए, जबकि कप्तान अल्वारो इग्लेसियस (22वें मिनट) ने स्पेन के लिए एक गोल किया। वहीं, वेल्स के लिए एकमात्र गोल जेम्स कार्सन ने 52वें मिनट में किया।



इस जीत ने स्पेन के अभियान को फिर से पटरी पर ला दिया, क्योंकि वे पूल डी से क्वार्टरफाइनल स्थान के लिए मेजबान भारत और इंग्लैंड के साथ रेस में बने हुए हैं। वेल्स चार टीमों के पूल डी में इतने ही मैचों में लगातार दूसरा मैच हार गई। लॉस रेडस्टिक्स ने सकारात्मक स्तर पर मैच शुरू किया और छठे मिनट में अपना पहला पेनल्टी कार्नर अर्जित किया, लेकिन वे असफल रहे, क्योंकि पहला क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ। हालांकि, दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में मार्क रेने ने 16वें मिनट में गोल किया और छह मिनट बाद कप्तान इग्लेसियस ने स्कोर 2-0 कर दिया। वे 25वें मिनट में स्कोर 3-0 कर सकते थे, लेकिन पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने में नाकाम रहे।

## फिल्म पुष्पा 2 में भी दिखेंगी रश्मिका मंदाना




दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 का फैंस काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। अब पुष्पा 2 को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। पिछले दिनों ऐसी चर्चा चल रही थी कि फिल्म में रश्मिका मंदाना की जगह साई पल्लवी ने ले ली है। हालांकि, सोमवार को अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर म्र आस्कमीएनिथिंग सेशन में पुष्पा 2 में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की।

एक प्रशंसक ने रश्मिका से उनकी अगली फिल्मों के बारे में पूछा था। जिसके जवाब में अभिनेत्री ने अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए अपनी अपकमिंग फिल्मों के नाम बताए हैं, जिसमें एनिमल, मिशन मजनू, वारिसु और पुष्पा 2 शामिल हैं। ये सभी फिल्में इसी साल रिलीज होंगी। बता दें, सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पाः द राइज 17 दिसंबर, 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी।

## मल्टीकलर की मिनी ड्रेस में गजब की बला लगीं हुमा कुरैशी


एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपनी शानदार अभिनय के साथ साथ अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। उनकी वेबसीरीज महारानी के दोनों सीजन पर दर्शकों ने बेशुमार प्यार लुटाया। वहीं, एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी कहर बरपाए रहती हैं। उनकी हाल ही में शेयर इंस्टाग्राम की तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी अदाएगी पर फिदा हो गए। हुमा कुरैशी ने मल्टीकलर की मिनी ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया, जो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। हाईनेक आउटफिट में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी बेहद ही चार्मिंग और ब्यूटीफुल लग रही हैं। ग्लोइंग मेकअप के साथ एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के साइनी ओपन हेयर स्टाइल काफी अट्रैक्टिव लग रहा है। एक्ट्रेस हुमा कुरैशी महारानी वेब सीरीज के साथ, मोनिका ओ माई डार्लिंग में भी नजर आ चुकी हैं। जिसमें एक्ट्रेस गजब की बला लग रही हैं। वहीं, हुमा कुरैशी साल 2023 में जल्द ही पूजा मेरी जान और तरला फिल्म में नजर आने वाली हैं। जिसके लिए उनके फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हुमा कुरैशी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। हुमा कुरैशी अपने खूबसूरत अंदाज और ग्लैमरस लुक से महफिल लूटती हुई नजर आ रही हैं।



हुमा कुरैशी के इस आउटफिट को देखकर फैंस उनकी तस्वीरों पर कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली हुमा कुरैशी के इंस्टाग्राम पर 6.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

## फिल्म वॉर के बाद डिप्रेशन में चले गए थे ऋतिक,अभिनेता ने खुद किया खुलासा

ऋतिक रोशन की गिनती बॉलीवुड के बड़े अभिनेताओं में होती हैं। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। आजकल जहां एक तरफ उनकी पेशेवर जिंदगी चर्चा में है, वहीं अभिनेत्री सबा कमर के साथ उनके अफेयर की खबरों से भी बॉलीवुड का बाजार गर्म है। हाल ही में ऋतिक ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि फिल्म वॉर की शूटिंग के बाद वह डिप्रेशन की चपेट में आ गए थे।



ऋतिक ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में यह खुलासा किया। उन्होंने बताया, एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर की शूटिंग के दौरान मैं एक बेहद कठिन समय से गुजरा। कहने को तो मैं शूटिंग कर रहा था, लेकिन मेरे लिए यह मरने जैसा था। मैं रोजाना अपनी जिंदगी से जंग लड़ रहा था। उन्होंने कहा, मैं वॉर के लिए कतई तैयार नहीं था और उस चुनौती से लड़ने की तैयारी कर रहा था, जिसके लायक मैं उस वक्त था ही नहीं।

ऋतिक ने कहा, मैं यह फिल्म करने के बाद थक गया था। मुझे तनाव ने बुरी तरह घेर लिया था। आलम यह था कि तीन-चार महीने तक मैं चल-फिर तक नहीं पाया। मेरी ट्रेनिंग भी छूट गई थी। मैं अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। उन्होंने कहा, मैं लगभग डिप्रेशन की कगार पर था और खुद को पूरी तरह से खो चुका था। तभी मुझे इस बात का अहसास हुआ कि मुझे अपने जीवन में बदलाव लाने की जरूरत है।

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी वॉर 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म यशराज बैनर तले बनी थी। फिल्म में ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर नजर आई थीं। फिल्म में ऋतिक ने फिल्म में भारतीय सेना के जांबाज मेजर रहे कबीर लूथरा का किरदार निभाया था और अपने दमदार अभिनय से फिल्म समीक्षकों से खूब वाहवाही बटोरी थी। 170 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 475 करोड़ रुपये कमाए थे।

ऋतिक पिछली बार फिल्म विक्रम वेधा में दिखे थे। इसमें उनके साथ सैफ अली खान थे। यह 2017 में इसी नाम से आई सुपरहिट फिल्म का हिंदी रीमेक था। हालांकि, हिंदी रीमेक को दर्शकों ने नकार दिया। पुष्कर-गायत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार थे। 175 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 135 करोड़ रुपये बटोरे थे। फिल्म रिलीज से पहले बायकॉट ट्रेंड का शिकार भी हुई थी।

ऋतिक जल्द ही फिल्म फाइटर में दिखेंगे। इसमें पहली बार उनकी जोड़ी दीपिका पादुकोण के साथ बनी है। यह भारत की पहली एक्शन एरियल फिल्म है। फिल्म में अनिल कपूर भी एक खास भूमिका निभाने वाले हैं। फिल्म अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी।













# रासुका पर रारःहर तीन माह में नोटिफिकेशन का प्रावधानःसीएम

**रायपुर/बालोद, 15 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार के रासुका (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) लगाने के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा ने इसे धर्मांतरण से जोड़ते हुए अघोषित आपातकाल बताया है।

### धर्मांतरण से जोड़कर गुमराह कर रही भाजपा

इस पर अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए इसे मूर्खता की पराकाष्ठा बता दिया है। उन्होंने कहा कि, रासुका राष्ट्रीय कानून है, राज्य का नहीं है। इसे हर तीन माह में नोटिफिकेशन करने का प्रावधान है। रमन सिंह के कार्यकाल में भी किया गया। अब इसे धर्मांतरण से जोड़कर गुमराह कर रहे हैं।
बालोद के कल्याणपुर में कलार प्रांतीय महोत्सव में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री बघेल ने मीडिया से कहा कि, हर तीन माह में इसका रिन्यूवल होता है, उसी के तहत किया गया है। यह (भाजपाई) लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर हे हैं। इसकी जितनी निंदा की जाए, उतना कम है। उन्होंने कहा कि, अरुण साव हाईकोर्ट के वकील रहे हैं। रमन सिंह 15 साल मुख्यमंत्री रहे। सब जानते हैं। उनके कार्यकाल में भी हुआ है। यह सिर्फ छत्तीसगढ़ में नहीं हुआ है, पूरे देश में होता है।

### बीजेपी मानसिक दिवालियापन का शिकार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, रासुका, यह राष्ट्रीय कानून है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए है। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए क्या राज्य सरकार कानून बनाएगी। इसमें हम किसी तरह का छेड़छाड़ नहीं कर सकते हैं। इसी से समझ जाना चाहिए। मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि, इससे स्पष्ट हो जा रहा है कि ये मानसिक दिवालियापन के शिकार हैं। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। लोगों को कैसे गुमराह किया जाए।



सरकार के खिलाफ कैसे बीज पनपे उसका षड्यंत्र रच रहे हैं।
इससे पहले भी सुबह बालोद रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री बघेल ने रायपुर हेलीपैड पर मीडिया से बात की थी। तब भी रासुका को लेकर कहा था कि, यह देश का कानून है। खत्म करा दें, केंद्र में उनकी सरकार है। क्यों नहीं खत्म करा देते। वे कहते हैं धर्मांतरित हो चुके आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिलना चाहिए। यहां रैली करते हैं, लेकिन केंद्र में इनकी सरकार है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है तो लाते क्यों नहीं कानून। सिर्फ लोगों को भड़काने में लगे हैं।
मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, अभी इनको (भाजपा) फिर बत्ती पड़ी है कि जाओ छत्तीसगढ़ में कोई षड्यंत्र करो। छत्तीसगढ़ में शांति क्यों है, छत्तीसगढ़ के लोग खुशहाल क्यों हैं, छत्तीसगढ़ में अमन-चैन क्यों है, सब वर्गों में समृद्धि कैसे आ रही है यह भाजपा को बिल्कुल पच ही नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि, भाजपा कुछ भी करे बस समाज के बीच विद्वेश फैलाने का काम न करें। मैं शुरू से बोलता रहा हूं, इनके पास दो ही हथियार हैं, एक धर्मांतरण और दूसरी सांप्रदायिकता। इसके अलावा इनको कुछ नहीं आता।

### रमन सिंह ने कहा था- 'राज्य में अघोषित आपातकाल'

पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भूपेश सरकार राज्य में अघोषित आपातकाल लागू कर लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रही है। रासुका के बहाने आपातकाल जैसी अलोकतांत्रिक काम करने में लगे हुए हैं। सीएम भूपेश से कुर्सी नहीं संभल रही है तो, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को अधिसूचित करना चाहिए। वह प्रदेश में एक धर्म विशेष को फायदा पहुंचाने में लगे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सेंट्रल जेल परिसर से आरोपी फरार




**रायपुर, 15 जनवरी 2023(ए)।** सेंट्रल जेल परिसर रायपुर से फिर एक आरोपी फरार होने का मामला सामने आया है. चोरी के अपराध में शिवा को जेल दाखिल किया जा रहा था, इस दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी खोलकर फरार हो गया. हालांकि पुलिस ने तीन घंटे बाद आरोपी को रेलवे स्टेशन से धर दबोचा. यह मामला शनिवार रात का है. गंज थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में पांच से अधिक मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी शिवा वर्मा (20) को गिरफ्तार कर उसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया था. कोर्ट ने जेल वारंट बनाकर आरोपी को रायपुर जेल में दाखिल करने का आदेश दिया. आरक्षक मनीष पटेल, कृष्णा यादव आरोपित शिवा वर्मा को रात पौने आठ बजे सरकारी वाहन में बैठाकर रायपुर सेंट्रल जेल परिसर पहुंचे. आरोपित को जेल के भीतर लेने कागजी प्रक्रिया अपनाई जा रही थी. इसी दौरान जवानों की लापरवाही का फायदा उठाकर आरोपी शिवा वर्मा वाहन में बैठे-बैठे हाथ में लगे हथकड़ी को सरकाकर भाग निकला.

### नक्सल कमांडर की पत्नी गिरफ्तार

**धमतरी, 15 जनवरी 2023(ए)।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है. जानकारी के मुताबिक ओडिशा से इलाज के लिए आई एक कथित महिला नक्सली की गिरफ्तारी की खबर आ रही है। हालांकि एस पी ने इंकार किया है लेकिन मीडिया के हल्कों में खबर की पुष्टि के दावे किए जा रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि एसपी स्वयं शाम तक खुलासा करेंगे इसलिए मीडिया की जानकारी को खारिज किया गया। जानकारी के अनुसार यह महिला उड़ीसा के बड़े नक्सल कमांडर संग्राम सिंह की पत्नी बताई जा रही है।



# छत्तीसगढ़ में सत्ता में आने पर धर्मांतरण के खिलाफ कानून लाएगी बीजेपी : रमन सिंह

**रायपुर, 15 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बीजेपी प्रदेश कार्यालय एकात्म परिसर में रविवार को प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।
उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार में प्रदेश में जमकर धर्मांतरण हो रहा है। इसे सरकार रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। कोई कदम उठाए नहीं जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश में जब बीजेपी की सरकार सत्ता में आएगी तो हम धर्मांतरण के खिलाफ कानून लाएंगे। इस पर तेजी से सख्ती बरतेंगे।
उन्होंने कहा कि 1980 में कांग्रेस की सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम कानून बनाया था। यहा कानून लोकतंत्र विरोधी कानून है, जो कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। यह कानून राष्ट्रीय सुरक्षा कानून न होकर यह कांग्रेस सुरक्षा कानून है, जो कांग्रेस को सुरक्षा देता है।
इस कानून के तहत पुलिस किसी को भी एक साल के लिए बिना कारण बताए जेल में डाल सकती है, जमानत भी नहीं होगी। चाहे वह व्यक्ति राजनीतिक दल का कार्यकर्ता, मीडियाकर्मी हो या आंदोलन करने वाले कर्मचारी-अधिकारी हो। रमन सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने एक बार फिर से आपातकाल लगाने की साजिश की है।




### टीएस सिंहदेव के बयान पर मंत्री ताम्रध्वज साहू ने फिर कह दी बड़ी बात



**रायपुर, 15 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वो आगामी चुनाव नहीं लड़ना चाहते। हालांकि उन्होंने इस पर कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के बाद फैसला लेने की बात कही थी। लेकिन अब मंत्री सिंहदेव के इस बयान पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का बड़ा बयान सामने आया है।
बिलासपुर प्रवास के दौरान मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मीडिया से बात करते हुए टीएस सिंहदेव की मांशा को लेकर सीधा कह दिया कि इससे पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कोई चुनाव नहीं लड़ना चाहता, तो इससे पार्टी को नुकसान नहीं होगा। बता दें कि मंत्री टीएस सिंहदेव ने बीते दिनों एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि वो आगामी चुनाव नहीं लड़ना चाहते। हालांकि उन्होंने ये भी कहा था कि वे इस बात का फैसला अपने कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद लेंगे।

# बेटियों को दें अच्छी शिक्षा,रखें स्वास्थ्य का ख्यालःभूपेश बघेल

**रायपुर, 15 जनवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कुर्मी समाज प्रगतिशील समाज है। किसी भी समाज मे परिवर्तन के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा एवं उनके स्वास्थ्य पर अधिक जोर देते हुए कहा कि मां ही जीवन की पहली गुरु होती है। उनका सिखाया हुआ शिक्षा, संस्कार, व्यवहार आजीवन काम आता है। इसलिए उनकी स्वास्थ्य एवं शिक्षा महत्वपूर्ण है। श्री बघेल आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा विकासखंड के ग्राम खपराडीह में हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित बलौदाबाजार राज कुर्मी क्षत्रिय समाज के 5 वें राज अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सम्मेलन में जिला मुख्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए 24 घण्टा सातों दिनों खुलने वाला आधुनिक ई-लायब्रेरी, सुहेला के दक्षिण में ग्राम तिल्दाबांधा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम खपराडीह में मंगलभवन एवं मुक्तिधाम के लिए 20-20 लाख रुपये एवं खपराडीह में ही हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने कुम्हारी जलाशय सम्बंधित के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री



बघेल ने आगे कहा कि राज्य के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त किसानों को इस वर्ष दिवाली के पूर्व भुगतान किया गया। आगामी 31मार्च को चौथी किश्त का भुगतान कर दिया जाएगा।
सरकार अन्नदाताओं को उनकी उपज का सही दाम दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यक्रम में सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना सहित किसानों, गरीबों और मजदूरों के जीवन में बेहतरी लाने के लिए चलाई जा रही योजना का विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से गौठानों में तैयार किए जा रहे वर्मी कम्पोस्ट का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इससे मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होने के साथ ही फसल की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उन्होंने गौठान में पैरादान को महाअभियान बनाने पर सभी किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जा रहे हैं। कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के पूरे कुर्मी समाज एवं पिछड़ा वर्ग की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सासंद छाया वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष श्री शैलेष नितिन त्रिवेदी, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरिश देवांगन, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, कुर्मी समाज के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।




# जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारी के ठिकाने पर छापामार कार्यवाही की

### 1 करोड़ का टैक्स वसूला

**रायपुर, 15 जनवरी 2023(ए)।** टैक्स चोरी पर लगाम लगाने के लिए जीएसटी (राज्य कर) ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी है. इसी क्रम में विभाग के प्रमुख अधिकारियों के निर्देशन में जीएसटी प्रवर्तन की टीम ने छापा मारकर व्यापारी से लगभग 1 करोड़ का टैक्स वसूल लिया है. बता दें कि, जीएसटी (राज्य कर) की प्रवर्तन शाखा ने पुख्ता जानकारी के आधार पर महावीर ट्रांस सर्विस भनपुरी, रायपुर संस्थान में छापा की कार्रवाई की है. छापे के दौरान प्राप्त दस्तावेजों और वस्तुओं का अवलोकन करने के बाद विभाग द्वारा व्यवसाई से 99,56,000 रुपये जमा करवाई है. वहीं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप टैक्स चोरी रोकने के लिए जीएसटी विभाग द्वारा कार्रवाई जारी रहेगी.

# पहले प्रेम जाल में फंसाया फिर करने लगे ब्लैकमेलिंग

### कामयाब नहीं हुए तो कर दी हत्या

**बिलासपुर, 15 जनवरी 2023(ए)।** जिले के सकरी थाना क्षेत्र से भयावह खबर सामने आयीं है कहाँ न्यायधानी के बिल्डर वकील अंसारी की फिरौती के लिए अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। वकील अंसारी पिछ्ले दो माह से गायब था। उसकी पत्नी की शिकायत पर अपहरण व फिरौती माँगने का एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी व उनके एक साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले ब्लैकमेंल कर वकील अंसारी से रकम वसूलना चाहते थे। असफल रहने पर उन्होंने वकील की हत्या कर दी थी। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।
सकरी थाना क्षेत्र के आसमां सिटी कालोनी निवासी 35 वर्षीय वकील अंसारी बिल्डर व जमीन का कारोबार करते थे। उनका सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मंगला चौक में ऑफिस था। वे 3 नवंबर को अपनी पत्नी को घर से यह बोल कर निकले थे कि वो अंबिकापुर में अपने मित्र आरएस बागड़िया से पैसो व व्यापार के बारे में बातचीत करने के लिए जा रहे हैं। 5 नवंबर तक वापस नही आने पर उनकी पत्नी अकबरी खातून ने सकरी थाना में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। अंबिकापुर के एक होटल में उनकी सीसीटीवी में एक युवती के साथ होटल के कमरे से निकल कर रिसेप्शन में आने की फुटेज पुलिस को मिली थी। पुलिस को जांच में पता चला कि वकील अंसारी एक युवती के साथ होटल में रुके हुए थे। वे एक अन्य होटल भी गए थे पर उनके साथ कि युवती का आईडी कार्ड माँगने पर वह वहां नही रुके थे। इसलिए पुलिस पहले मामले को संदिग्ध मान रही थी। इसी बीच वकील के मित्र आरएस बगड़िया ने फोन कर उनकी पत्नी को बताया कि उनके पास वकील अंसारी का फोन आया था। वे काफी डरे हुए भी थे और उन्होंने कहा है कि मेरा अपहरण हो गया है,मैं खतरे में हु और दस लाख तैयार रखना। यह जानकारी आरएस बागड़िया से मिलने पर वकील अंसारी की पत्नी अकबरी खातून ने पुलिस से संपर्क किया। जिस पर 8 नवंबर को पुलिस ने अपहरण का अपराध दर्ज कर वकील की तलाश शुरू की।



इस दौरान वकील अंसारी का फोन तो बंद था पर उसके एटीएम व फोन पे से देश के अलग अलग जगहों पर राशि का आहरण व भुगतान हो रहा था। जिस पर पुलिस ने तकनीकी जांच कर अंबिकापुर,कांकेर, कोंडागांव, हैदराबाद, नागपुर व आगरा, मथुरा, बिहार में दबिश दी थी। तकनीकी जाँच में पुलिस को पता चला कि जिन जिन स्थानो पर वकील अंसारी के एटीएम से आहरण या भुगतान हुआ है वहां वहां पर कुछ संदिग्ध नंबर हमेशा एक्टिव व उपस्थित थे। नम्बरो का डिटेल निकाल कर पुलिस टीम ने लोकेशन के आधार पर भिलाई से तीन लोगों को हिरासत में लिया। तीनो ने हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया।
हत्या का मुख्य आरोपी हेमंत साहू भिलाई का आरोपी है। वह जुआ सट्टा में संलिप्त रहता है। जिसके चलते वह कर्ज में डूबा हुआ था। भिलाई में तगादेदारों से परेशान होकर वह अपनी पत्नी संतोषी उर्फ पूजा वर्मा के साथ अक्टूबर माह से बिलासपुर आकर नौकरी की तलाश में जुटा हुआ था। इसी बीच एक दिन हेमंत साहू व संतोषी वर्मा भाटापारा के पेट्रोल पंप में वकील अंसारी से मिले । वकील अंसारी ने उन्हें पेट्रोल पंप मालिक होने की बात बताई। और नौकरी देने की पेशकश की। उसी दिन से पति-पत्नी ने प्लानिंग कर ली कि संतोषी उर्फ पूजा वर्मा वकील को प्रेम जाल में फ़ासेगी फिर योजनाबद्ध तरीके से उसे ब्लैकमेंल कर दोनो पति पत्नी मोटी रकम एठेंगे। 3 नवंबर को तय योजना के अनुसार वकील अंसारी के साथ संतोषी वर्मा उसके वाहन में बैठ कर अंबिकापुर जाने के लिए निकली। पीछे पीछे हेमंत साहू व गणेश यादव भी अपने डस्टर कार में निकले। रास्ते मे ही वकील अंसारी को पकड़ कर ब्लैकमेंल करने की योजना थी। पर वकील तेजी से गाड़ी चला कर आगे निकल गया। और दोनो डस्टर में पीछे ही रह गए। अंबिकापुर में संतोषी वर्मा व वकील अंसारी एक होटल में रुक गए।
वापसी में 4 नवंबर को उनकी गाड़ी को पीछा करते करते हेमंत साहू व गणेश यादव बिलासपुर पहुँचे। यहां सेंदरी मोपका बाई पास में कोनी रोड़ में वकील अंसारी द्वारा अपनी कार को रोकने पर आरोपी वकील अंसारी व गणेश यादव वकील अंसारी के कार के पास पहुँचे और वकील अंसारी को संदिग्ध स्थिति मे देखकर मेरी पत्नी के साथ अवैध संबंधों बनाये हो बोलकर धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर पैसो की मांग करने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियो व वकील अंसारी में मारपीट हुई। और आरोपियों द्वारा साथ रखें पेपर कटर से वकील अंसारी पर हमला कर दिया गया। साथ ही उसे अपनी डस्टर कार में भरकर बिलासपुर से बलौदाबाजार होते हुए कोंडागांव जिले के केशकाल घाटी ले गए। रास्ते मे ही वकील अंसारी से उसका एटीएम कार्ड,फोन पे का यूपीआई कोड प्राप्त कर लिए। रास्ते मे वकील अंसारी की मौत हो गई। जिसके बाद उसे केशकाल घाटी मे उसकी लाश फेंक दिया। पुलिस को गुमराह करने के लिए उसके एटीएम से जगह जगह घूम घूम कर रकम का आहरण भी कर रहे थे। पुलिस द्वारा कोंडागांव पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि दिनांक 11 दिसंबर 2022 को केशकाल घाटी में एक अज्ञात युवक का क्षत विक्षत हालत में शव मिला था। जिस पर मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही थी। शव की फ़ोटो मंगवा कर पहचान करवाने पर वकील की पत्नी ने शव की कलाई में बंधी घड़ी से अपने पति की पहचान की।
पुलिस ने मामले में आरोपी हेमंत साहू 33 वर्ष, संतोषी उर्फ पूजा वर्मा 35 वर्ष, गणेश यादव 22 वर्ष सभी निवासी भिलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय से पूछताछ हेतु पुलिस रिमांड मांगा है।



### छत्तीसगढ़ी गायक नितिन दुबे को मिला खास अवॉर्ड

**रायपुर, 15 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है,आज यहाँ के युवा कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ को एक पहचान दिलाई है, ऐसे ही सुप्रसिद्ध कलाकार गायक एवं संगीतकार नितिन दुबे हैं जिन्होंने यूट्यूब और डिजिटल प्लेटफॉर्म में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। ऐसे ही सुप्रसिद्ध गायक गीतकार संगीतकार एवं अभिनेता नितिन दुबे आज किसी परिचय के मोहताज़ नहीं हैं। 3 जुलाई 1981 को रायगढ़ में जन्मे नितिन दुबे महज 7 साल की उम्र में 1988 में पहली बार एक बाल कलाकार के रूप में मंचीय प्रस्तुति दिए, लगभग 3 दशक से ज़्यादा समय से वो स्टेज परफॉर्मेंस देते आ रहे हैं,और 2001 में उन्होंने अपना पहला गीत ÷मनमोहिनी हे गांव के गोरिया÷ गाया था और तब से लेकर अब तक पिछ्ले 2 दशक से अपनी कला के माध्यम से रायगढ़ और छत्तीसगढ़ का मान पूरे देश में बढ़ाया है और आज यूट्यूब पर छत्तीसगढ़ी गायकों में सबसे ज़्यादा सब्सक्राइबर और फैन फॉलोइंग वाले गायक हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)